# Analysis of Pupil Performance

## ISC Year 2017 Examination

Languages

# हिन्दी

*Research Development and Consultancy Division*

**Council for the Indian School Certificate Examinations**
**New Delhi**

**Year 2017**

---

***Published by*:**

Research Development and Consultancy Division (RDCD)

Council for the Indian School Certificate Examinations

Plot No. 35-36, Sector VI

Pushp Vihar, Saket

New Delhi-110017

Tel: (011) 29564831/33/37
E-mail: council@cisce.org

**© Copyright, Council for the Indian School Certificate Examinations**

All rights reserved. The copyright to this publication and any part thereof solely vests in the Council for the Indian School Certificate Examinations. This publication and no part thereof may be reproduced, transmitted, distributed or stored in any manner whatsoever, without the prior written approval of the Council for the Indian School Certificate Examinations.

# FOREWORD

This document of the Analysis of Pupils' Performance at the ISC Year 12 and ICSE Year 10 Examination is one of its kind. It has grown and evolved over the years to provide feedback to schools in terms of the strengths and weaknesses of the candidates in handling the examinations.

We commend the work of Mrs. Shilpi Gupta (Deputy Head) and the Research Development and Consultancy Division (RDCD) of the Council who have painstakingly prepared this analysis. We are grateful to the examiners who have contributed through their comments on the performance of the candidates under examination as well as for their suggestions to teachers and students for the effective transaction of the syllabus.

We hope the schools will find this document useful. We invite comments from schools on its utility and quality.

**Gerry Arathoon**
**Chief Executive & Secretary**

**November 2017**

# PREFACE

The Council has been involved in the preparation of the ICSE and ISC Analysis of Pupil Performance documents since the year 1994. Over these years, these documents have facilitated the teaching-learning process by providing subject/ paper wise feedback to teachers regarding performance of students at the ICSE and ISC Examinations. With the aim of ensuring wider accessibility to all stakeholders, from the year 2014, the ICSE and the ISC documents have been made available on the Council's website www.cisce.org.

The document includes a detailed qualitative analysis of the performance of students in different subjects which comprises of examiners' comments on common errors made by candidates, topics found difficult or confusing, marking scheme for each answer and suggestions for teachers/ candidates.

In addition to a detailed qualitative analysis, the Analysis of Pupil Performance documents for the Examination Year 2017 have a new component of a detailed quantitative analysis. For each subject dealt with in the document, both at the ICSE and the ISC levels, a detailed statistical analysis has been done, which has been presented in a simple user-friendly manner.

It is hoped that this document will not only enable teachers to understand how their students have performed with respect to other students who appeared for the ICSE/ISC Year 2017 Examinations, how they have performed within the Region or State, their performance as compared to other Regions or States, etc., it will also help develop a better understanding of the assessment/ evaluation process. This will help them in guiding their students more effectively and comprehensively so that students prepare for the ICSE/ ISC Examinations, with a better understanding of what is required from them.

The Analysis of Pupil Performance document for ICSE for the Examination Year 2017 covers the following subjects: English (English Language, Literature in English), Hindi, History, Civics and Geography (History & Civics, Geography), Mathematics, Science (Physics, Chemistry, Biology), Commercial Studies, Economics, Computer Applications, Economics Applications, Commercial Applications.

Subjects covered in the ISC Analysis of Pupil Performance document for the Year 2017 include English (English Language and Literature in English), Hindi, Elective English, Physics (Theory and Practical), Chemistry (Theory and Practical), Biology (Theory and Practical), Mathematics, Computer Science, History, Political Science, Geography, Sociology, Psychology, Economics, Commerce, Accounts and Business Studies.

I would like to acknowledge the contribution of all the ICSE and the ISC examiners who have been an integral part of this exercise, whose valuable inputs have helped put this document together.

I would also like to thank the RDCD team of Dr. Manika Sharma, Dr. M.K. Gandhi, Ms. Mansi Guleria and Mrs. Roshni George, who have done a commendable job in preparing this document. The statistical data pertaining to the ICSE and the ISC Year 2017 Examinations has been provided by the IT section of the Council for which I would like to thank Col. R. Sreejeth (Deputy Secretary - IT), Mr. M.R. Felix, Education Officer (IT) – ICSE and Mr. Samir Kumar, Education Officer (IT) - ISC.

***Shilpi Gupta***
***Deputy Head - RDCD***

***November 2017***

# CONTENTS


| | Page No. |
|---|---|
| *FOREWORD* | *i* |
| *PREFACE* | *ii* |
| **INTRODUCTION** | **1** |
| **QUANTITATIVE ANALYSIS** | **3** |
| **QUALITATIVE ANALYSIS** | **10** |

# INTRODUCTION

This document aims to provide a comprehensive picture of the performance of candidates in the subject. It comprises of two sections, which provide Quantitative and Qualitative analysis results in terms of performance of candidates in the subject for the ISC Year 2017 Examination. The details of the Quantitative and the Qualitative analysis are given below.

## Quantitative Analysis

This section provides a detailed statistical analysis of the following:

- Overall Performance of candidates in the subject (Statistics at a Glance)
- State wise Performance of Candidates
- Gender wise comparison of Overall Performance
- Region wise comparison of Performance
- Comparison of Region wise performance on the basis of Gender
- Comparison of performance in different Mark Ranges and comparison on the basis of Gender for the top and bottom ranges
- Comparison of performance in different Grade categories and comparison on the basis of Gender for the top and bottom grades

The data has been presented in the form of means, frequencies and bar graphs.

### Understanding the tables

Each of the comparison tables shows N (Number of candidates), Mean Marks obtained, Standard Errors and t-values with the level of significance. For t-test, mean values compared with their standard errors indicate whether an observed difference is likely to be a true difference or whether it has occurred by chance. The t-test has been applied using a confidence level of 95%, which means that if a difference is marked as 'statistically significant' (with * mark, refer to t-value column of the table), the probability of the difference occurring by chance is less than 5%. In other words, we are 95% confident that the difference between the two values is true.

t-test has been used to observe significant differences in the performance of boys and girls, gender wise differences within regions (North, East, South and West), gender wise differences within marks ranges (Top and bottom ranges) and gender wise differences within grades awarded (Grade 1 and Grade 9) at the ISC Year 2017 Examination.

The analysed data has been depicted in a simple and user-friendly manner.


Given below is an example showing the comparison tables used in this section and the manner in which they should be interpreted.

**Comparison on the basis of Gender**

| Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|
| Girls | 2,538 | 66.1 | 0.29 | |
| Boys | 1,051 | 60.1 | 0.42 | |

*Significant at 0.05 level

**Girls performed significantly better than boys.**




The results have also been depicted pictographically. In this case, the girls performed significantly better than the boys. This is depicted by the girl with a medal.


The table shows comparison between the performances of boys and girls in a particular subject. The t-value of 11.91 is significant at 0.05 level (mentioned below the table) with a mean of girls as 66.1 and that of boys as 60.1. It means that there is significant difference between the performance of boys and girls in the subject. The probability of this difference occurring by chance is less than 5%. The mean value of girls is higher than that of boys. It can be interpreted that girls are performing significantly better than boys.

## Qualitative Analysis


The purpose of the qualitative analysis is to provide insights into how candidates have performed in individual questions set in the question paper. This section is based on inputs provided by examiners from examination centres across the country. It comprises of question wise feedback on the performance of candidates in the form of *Comments of Examiners* on the common errors made by candidates along with *Suggestions for Teachers* to rectify/ reduce these errors. The *Marking Scheme* for each question has also been provided to help teachers understand the criteria used for marking. Topics in the question paper that were generally found to be difficult or confusing by candidates, have also been listed down, along with general suggestions for candidates on how to prepare for the examination/ perform better in the examination.

# QUANTITATIVE ANALYSIS






## STATISTICS AT A GLANCE






# PERFORMANCE (STATE-WISE)




**The States of Bihar, Haryana and Rajasthan secured highest mean marks.**



# GENDER-WISE COMPARISON




**GIRLS**

Mean Marks: 82.6

Number of Candidates: 12,511

**BOYS**



Mean Marks: 75.6


Number of Candidates: 12,035

## Comparison on the basis of Gender

| Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|
| Girls | 12,511 | 82.6 | 0.10 | 41.74* |
| Boys | 12,035 | 75.6 | 0.13 | |

*Significant at 0.05 level

**Girls performed significantly better than boys.**





# REGION-WISE COMPARISON

**REGION**

**East**

Mean Marks: 78.8

Number of Candidates: 11,676

Highest Marks: 99

Lowest Marks: 05

**North**

Mean Marks: 79.6

Number of Candidates: 12,491

Highest Marks: 99

Lowest Marks: 1

**South**

Mean Marks: 76.2

Number of Candidates: 77

Highest Marks: 94

Lowest Marks: 42

**West**


Mean Marks: 74.9

Number of Candidates: 302

Highest Marks: 99

Lowest Marks: 15

## Mean Marks obtained by Boys and Girls-Region wise





## Comparison on the basis of Gender within Region

| Region | Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|---|
| North (N) | Girls | 6,341 | 83.1 | 0.14 | 29.36* |
| | Boys | 6,150 | 76.1 | 0.19 | |
| East (E) | Girls | 5,986 | 82.3 | 0.15 | 29.00* |
| | Boys | 5,690 | 75.1 | 0.20 | |
| South (S) | Girls | 54 | 76.3 | 1.74 | 0.09 |
| | Boys | 23 | 76.0 | 2.24 | |
| West (W) | Girls | 130 | 78.0 | 1.43 | 2.98* |
| | Boys | 172 | 72.5 | 1.15 | |

*Significant at 0.05 level

**The performance of girls was significantly better than that of boys in the northern, eastern and western region. In southern region no significant difference was observed.**





# MARK RANGES : COMPARISON GENDER-WISE

**Comparison on the basis of gender in top and bottom mark ranges**

| Marks Range | Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|---|
| Top Range (81-100) | Girls | 8,298 | 89.1 | 0.05 | 16.77* |
| | Boys | 5,408 | 87.8 | 0.06 | |
| Bottom Range (0-20) | Girls | 8 | 17.0 | 1.46 | 0.90 |
| | Boys | 38 | 15.6 | 0.70 | |

*Significant at 0.05 level

**Marks Range (81-100)**


**Performance of girls was significantly better than the performance of boys.**

**Marks Range (81-100)**



**Marks Range (0 -20)**

**No significant difference was found in the performance of girls and boys in the bottom marks range.**






# GRADES AWARDED : COMPARISON GENDER-WISE

### Comparison on the basis of gender in Grade 1 and Grade 9

| Grades | Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|---|
| Grade 1 | Girls | 4,677 | 92.6 | 1.35 | 0.18 |
| | Boys | 2,375 | 92.2 | 1.89 | |
| Grade 9 | Girls | 24 | 23.5 | 4.77 | 0.12 |
| | Boys | 97 | 22.9 | 2.41 | |

**In Grade 1 and Grade 9 no significant difference was observed between the average performance of girls and boys.**



# QUALITATIVE ANALYSIS

## SECTION A
### LANGUAGE - 50 Marks

## Question 1

**Write a composition in approximately 400 words in Hindi on any ONE of the topics given below:**

**[20]**

किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखें जो **400** शब्दों से कम न हो :—

**(i)** स्कूल के प्रधानाध्यापक का पद बहुत ही आदरणीय तथा जिम्मेदारी पूर्ण है। यदि वह पद आपको प्राप्त हो जाए, तो आप उस पद की जिम्मेदारियों को किस प्रकार पूरा करेंगे ? विस्तार से लिखें।

**(ii)** समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए कड़े कानून की नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है — विषय के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

**(iii)** पर्यटन एक बड़ा उद्योग बन गया है जिसके कारण सांस्कृतिक धरोहरें नष्ट हो रही हैं। इनके बचाव के लिए सुझाव दीजिए ताकि यह उद्योग फलता फूलता रहे। इस विषय के अन्तर्गत विस्तार से लिखें।

**(iv)** अनुशासित व्यक्ति सुखी और स्वस्थ जीवन जीता है। — विवेचन कीजिए।

**(v)** मनुष्य अनुभव से बहुत कुछ सीखता है। कभी-कभी अनुभव कड़वा भी हो जाता है। क्या आपको कभी कोई कड़वा अनुभव हुआ है ? उस अनुभव का वर्णन करते हुए लिखें, आपने उससे क्या सीखा? उसका विस्तृत वर्णन करें।

**(vi)** निम्नलिखित में से किसी **एक** पर मौलिक कहानी लिखिए :

(a) मन के हारे हार है मन के जीते जीत।

(b) एक ऐसी मौलिक कहानी लिखिए जिसका अन्तिम वाक्य हो :

काश ! मैंने माँ की बात मानी होती।

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) इस प्रश्न में परीक्षार्थियों ने प्रधानाध्यापक की केवल आम जिम्मेदारियों का वर्णन किया । उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का उल्लेख नहीं किया। कुछ परीक्षार्थियों ने निबन्ध की भाषा को ध्यान में नहीं रखा कि यदि वे प्रधानाध्यापक का पद प्राप्त करते हैं, तो वे क्या करेंगे ? बल्कि वे ये समझा बैठे कि वे प्रधानाध्यापक हैं। इससे निबन्ध में काल सम्बन्धी दोष आ गया । कहीं–कहीं निबन्ध का अनावश्यक विस्तार भी दिखाई दिया तथा वर्त्तनी सम्बन्धी अशुद्धियां भी थीं ।

(ii) इस विषय पर परीक्षार्थियों ने पक्ष या विपक्ष पर अपने विचार प्रस्तुत करने की बजाय दोनों पक्षों पर अपने विचार दे डाले । नैतिक मूल्यों की व्याख्या करने में परीक्षार्थी असफल रहे। विषय स्पष्टीकरण में तार्किकता का भी अभाव पाया गया । कुछ परीक्षार्थियों ने सामाजिक बुराइयों का अनावश्यक विस्तार किया ।

(iii)'पर्यटन' वाले विषय पर कम परीक्षार्थियों ने लिखा। विषय को समझने में परीक्षार्थी असफल रहे। वे ये स्पष्ट नही कर पाए कि क्या उपाय किए जाएं कि जिससे पर्यटन उद्योग भी चलता रहे और सांस्कृतिक धरोहरें भी बची रहें। पर्यटन कैसे बड़ा उद्योग बन गया और सांस्कृतिक धरोहरें कैसे नष्ट हो रही हैं, इस पर भी परीक्षार्थी अपने विचार स्पष्ट नहीं कर पाए। भाषा सम्बन्धी त्रुटियां भी पाई गईं ।

(iv)अनेक परीक्षार्थियों ने इस विषय पर निबन्ध लिखा । कई परीक्षार्थी यह बताने में सफल रहे कि एक अनुशासित व्यक्ति कैसे सुखी एवं स्वस्थ जीवन जीता है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों एवं सूक्तियों से अपने मत को पुष्ट भी किया परन्तु कुछ परीक्षार्थी विभिन्न उदाहरणों द्वारा अपनी बात स्पष्ट करने में असफल रहे। उनके विचारों में अध्ययन का अभाव दिखाई दिया ।

(v) इस विषय पर भी कई परीक्षार्थियों ने निबन्ध लिखा और विषय को अच्छी तरह से समझा और अपने भावों का भी प्रदर्शन किया। कुछ परीक्षार्थी अपने कड़वे अनुभव का वर्णन ही करते गए, उस अनुभव से उन्होंने क्या सीखा, इस पर अपने विचार नहीं व्यक्त कर पाए । कुछ परीक्षार्थियों ने अपने अनुभव तो लिखे पर कड़वे अनुभव का जिक्र नहीं कर पाए।

(vi)(a) जिन परीक्षार्थियों ने इस विषय पर कहानी लिखी, उसमें मौलिकता का अभाव पाया गया। कुछ परीक्षार्थियों ने इसे निबन्ध की तरह लिखा, कुछ ने सिर्फ पात्रों के नाम बदल कर फिल्मी कहानी लिख डाली।

(b) दूसरी कहानी अधिकांश परीक्षार्थियों ने आत्मकथात्मक शैली में लिखी। कहानी के साथ वे न्याय भी कर पाए पर कुछ परीक्षार्थी कहानी के अन्तिम वाक्य के साथ कहानी समाप्त नहीं कर पाए।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– परीक्षार्थियों को बताएं कि सबसे पहले विषय को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके मुख्य बिन्दुओं को रेखांकित करें ताकि वे विषयानुकूल अपने विचार प्रस्तुत कर सकें। कक्षा में विषय से सम्बन्धित मौखिक चर्चा करें, विषय के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराएं तत्पश्चात लिखित अभ्यास करवाएं जिससे वर्त्तनी तथा मात्राओं सम्बन्धी अशुद्धियां न हों ।

– कक्षा में तर्क प्रधान विषयों को समझाया जाए तथा अध्यापक परीक्षार्थियों को वाद–विवाद प्रतियोगिता द्वारा विषय के पक्ष एवं विपक्ष के पहलुओं पर स्पष्ट रूप से जानकारी दें। साथ ही यह भी बताएं कि वे जिस पक्ष पर सहमति रखते हो, केवल उसी विषय पर लिखें । भ्रामक विचाराभिव्यक्ति न करें । उचित तर्क एवं उदाहरणों से अपने विचार प्रस्तुत करें ।

– परीक्षार्थियों को 'पर्यटन' पर ले जाएं ताकि वे निबन्ध में प्रत्यक्ष अनुभव व ज्ञान का वर्णन कर सकें । साथ में 'पर्यटन के लाभ' तथा 'सांस्कृतिक धरोहरों' पर भी कक्षा में चर्चा करें ताकि परीक्षार्थी अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक हों। पर्यटन विभाग के विभिन्न विज्ञापनों द्वारा भी परीक्षार्थियों से चर्चा कर विषय को और अच्छी तरह स्पष्ट कर सकते हैं ।

– अभ्यास के द्वारा इस तरह के दोषों का निवारण करने में परीक्षार्थियों की सहायता करें । विषयवस्तु को विशेष उदाहरणों द्वारा समझाएं। अनुशासन के सैद्धान्तिक तथा व्यावहारिक प्रयोग की चर्चा कर, विषय के विभिन्न पहलुओं पर स्पष्ट रूप से मार्गदर्शन कर परीक्षार्थियों की एक अच्छे निबन्ध लेखन में सहायता करें।

– कक्षा में इस तरह के विषयों पर चर्चा करते हुए कम से कम तीन या चार उदाहरणों द्वारा अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए प्रेरित करें । निबन्ध में मुहावरेदार भाषा तथा सूक्तियों का प्रयोग करना सिखाएं । परीक्षार्थियों को इस बात की स्पष्ट जानकारी दें कि विषय का कोई भी पक्ष/बिन्दु अनदेखा न रह जाए।

– परीक्षार्थियों को मौलिक कहानी एवं अनुदित या पठित कहानी में अंतर बताएं। उन्हें समझाएं कि दी गई उक्ति लोकोक्ति या सूक्ति को कहानी में स्पष्ट करना अनिवार्य है ।

– यदि कहानी किसी विशेष वाक्य से शुरू या अन्त होती हो, तो उसे निर्देशानुसार शुरू या अन्त में लिखना अनिवार्य है । विशेष रूप से कक्षा में मौलिक कहानी का मौखिक एवं लिखित अभ्यास करवाएं।

# MARKING SCHEME

## Question 1

**(i)** प्रस्तावना -

विषय विस्तार :— आपको पद की प्राप्ति

पद की क्या जिम्मेदारियां

उन्हें आप कैसे पूरा करेंगे।

उपसंहार

**(ii)** प्रस्तावना — समाजिक बुराइयां क्या हैं _______ कौन—कौन सी हैं।

विषय विस्तार — कानून क्या है, उसका पालन क्यों और किस प्रकार जरूरी। नैतिक मूल्य क्या है उनका जीवन में होना क्यों जरुरी। इनसे बुराई कैसे समाप्त होगी। ,

;परीक्षार्थी केवल एक तरफ अपना मत प्रकट करें।

**(iii)** प्रस्तावना—पर्यटन का अर्थ, महत्व, व्यापारिक भाव

विषय विस्तार :— उद्योग के रूप में, पर्यटकों का विशेष ध्यान रखना, उनको घुमाना, विदेशियों का मनोरंजन, खूब धन कमाना, नए—नए धंधों का विकास देश की आर्थिक उन्नति।

विभिन्न धरोहरों के नाम जिनके अनावरण से उन्हें क्षति पहुंची उनके बचाव के सुझाव।

उपसंहार

**(iv)** प्रस्तावना :— अनुशासन क्या

विषय विस्तार :— व्यक्ति कैसे सुखी व स्वस्थ जीवन जीता है
उपसंहार

**(v)** प्रस्तावना — अनुभव का अर्थ—जिसमें सही और गलत की पहचान का अंतर बताया गया हो।
अनुभव का वर्णन—किसी वास्तविक घटना या किसी प्रसंग के रूप में क्या सीखा।
उपसंहार

**(vi)** **(a)** प्रस्तावना—उक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए मन शक्तिशाली व बलवान, बुद्धि—मानव को ईश्वर ने दी है, कल्पनाशक्ति द्वारा प्रकृति पर विजय प्राप्त करना।

विषय—मानव मन आशा—निराशा के झूले में, वायु की गति से तेज, चंचल मन की दृढ़ता के सामने कोई नहीं टिकता, मन को नियंत्रण में रखना अनिवार्य है। भारत में अनेक महापुरुषों ने मन द्वारा विजय प्राप्त की, मन की सुनना सर्वोपरि है।

**(b)** कहानी में मौलिकता आवश्यक, प्रारंभ रोचक होना चाहिए। कहानी किसी भी अनुभव या घटना पर आधारित हो सकती है। भाषा पात्रानुकूल होनी चाहिए एवं देश काल का ध्यान रखना चाहिए। कहानी का अंत इस प्रकार हो कि उससे मिलने वाली शिक्षा स्वयं स्पष्ट हो जाए।

## Question 2

**Read the following passage given below carefully and answer in Hindi the questions that follow, using your own words :—**

निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर,अन्त में दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :—

ज्ञान-प्राप्ति के अनन्तर महात्मा बुद्ध ने अपना उपदेश सारनाथ में दिया। उसमें उन्होंने कहा — "जीवन के दो मार्ग हैं। एक मार्ग पर चलकर लोग सुख-साधनों को जुटाते हैं और भोगों से लिपटे रहते हैं। यह जीवन को सुखी नहीं बनाता। दूसरा मार्ग त्याग का है, तपस्या का है। इस पर चलकर लोग शरीर को कठोर यातनाएं देकर भी अपने-आपको सुखी नहीं बना पाते। अत: ज्ञान-प्राप्ति के लिए, मानसिक सुख-शांति के लिए बीच का मार्ग ही श्रेयस्कर है। बुद्ध का यही सिद्धांत मध्यम-मार्ग के नाम से प्रसिद्ध है। कहते हैं कि महात्मा बुद्ध जहाँ बोदिवृक्ष के नीचे ध्यान-मग्न बैठे थे, उस मार्ग से एक भजन-मण्डली जा रही थी। गीत की स्वर-लहरी वातावरण को गुंजित कर रही थी। सहसा समाधिस्त बुद्ध के कानों में गायिका के गीत के मधुर स्वर गूंज उठे — 'वीणा के तारों को ढीला न छोड़ो, नहीं तो उससे मधुर स्वर नहीं निकलेगा और न ही उन्हें इतना कसो कि वे टूट ही जायें।' इन शब्दों से बुद्ध को मध्यम मार्ग की प्रेरणा मिली। उन्होंने अनुभव किया कि न तो भोगों से पूर्णतया तृप्ति हो सकती है और न ही भोगों को पूर्ण रूप से त्यागा जा सकता है। अत: जीवन के लिए भोग और त्याग के बीच का मार्ग ही श्रेयस्कर है।

महात्मा बुद्ध का चिंतन सरल और स्वाभाविक था। उनके मत में ऊँच-नीच का भेदभाव न था। राजा से लेकर रंक तक उनके लिए समान थे। उन्होंने धर्म के बाह्य आडम्बरों की अपेक्षा आन्तरिक शुद्धि पर बल दिया। यज्ञ में दी जाने वाली पशु-बलि का उन्होंने विरोध किया। जन-साधारण की भाषा में उन्होंने अहिंसा और प्रेम का जो उपदेश दिया उसने जादू का काम किया और देखते ही देखते लाखों नर-नारी उनके अनुयायी बन गये। 45 वर्षों तक उन्होंने घूम-घूम कर अपने अमृतमयी उपदेशों से जन-कल्याण किया।

महात्मा बुद्ध जीवन के 80 वर्ष पार कर चुके थे। शरीर दिन-प्रतिदिन क्षीण होता जा रहा था। अन्त में उन्होंने कुशीनगर की ओर प्रस्थान किया। कुशीनगर पहुंचते-पहुंचते उनका शरीर निढाल हो गया। उनके प्रिय शिष्य भिक्षु आनन्द ने शैय्या तैयार की। वह उस पर लेट गए। शिथिलता बढ़ती जा रही थी। निर्वाण की घड़ियाँ आ पहुंची थीं। यह देख आनन्द की आँखों से आँसू फूट पड़े। बोले — "देव ! अब हमारा मार्ग-दर्शन कौन करेगा ?" बुद्ध ने आँखें खोली। बोले — "आनन्द ! तुम्हारे सामने विशाल कर्म-क्षेत्र है। जरा, रोग और मृत्यु से त्रस्त मानवता को अंहिसा और प्रेम का मार्ग दिखाओ। क्यों भूलते हो संसार नश्वर है ? जन्म के बाद मृत्यु और मृत्यु के बाद जन्म प्रकृति का अटल नियम है। रही मार्ग-दर्शन की बात। कौन किसका मार्ग-दर्शन करता है ? कौन किसका मार्ग-दर्शन कर सकता है ? "अप्प दीपो भव — अपना दीपक आप बनो।" यह कहते हुए तथागत सदा के लिए समाधिस्थ हो गए। वातावरण शोक से भर गया। तथागत के निष्पंद पार्थिव शरीर के चारों ओर खड़े भिक्षु आँसू बहा रहे थे। रह-रह कर उनके कानों में तथागत के शब्द गूंज रहे थे "भिक्षुओं ! मुझ पर विश्वास मत करना। मैं जो कहता हूँ उस पर भी इसलिए विश्वास मत करना कि मैंने कहा है। सोचना, विचारना और अपने अनुभव की कसौटी पर जो खरा उतरे वही करना।"

**(i)** मध्यम-मार्ग से आप क्या समझते हैं ? महात्मा बुद्ध को मध्यम-मार्ग की प्रेरणा कैसे मिली ? **[4]**

**(ii)** महात्मा बुद्ध के मत की क्या-क्या विशेषताएं थीं कि देखते ही देखते लाखों नर-नारी उनके अनुयायी बन गए ? **[4]**

**(iii)** महात्मा बुद्ध ने शोकाकुल भिक्षु को क्या उपदेश दिया ? इससे हमें क्या शिक्षा मिलती है ? **[4]**

**(iv)** महात्मा बुद्ध के निष्पंद पार्थिव शरीर के चारों ओर खड़े शोकाकुल भिक्षुओं के कानों में क्या शब्द गूंज रहे थे ? इन शब्दों से क्या प्रेरणा मिलती है ? **[4]**

**(v)** 'अप्प दीपो भव' का क्या अर्थ है ? ज्ञान-प्राप्ति के बाद महात्मा बुद्ध ने अपना उपदेश कहाँ दिया और उनका निर्वाण कहाँ हुआ ? **[4]**

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अपठित गद्यांश के प्रश्नोत्तरों में आवश्यक बिन्दुओं का अभाव पाया गया। बहुत से परीक्षार्थियों ने गौतम बुद्ध के 'मध्यम मार्ग' को अच्छी तरह स्पष्ट नहीं किया। कुछ ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्हें मध्यम मार्ग की प्रेरणा कैसे मिली। उन्होंने सिर्फ गद्यांश उतार कर रख दिया। परीक्षार्थियों ने अपनी भाषा का प्रयोग नहीं किया। मात्राओं तथा व्याकरण सम्बन्धी दोष भी थे ।

(ii) इस प्रश्न के उत्तर में भी अधिकतर परीक्षार्थियों ने अनुच्छेद को हुबहू उतार कर रख दिया । महात्मा बुद्ध के मत की विशेषताओं में चार बिन्दु अपेक्षित थे पर कुछ परीक्षार्थियों ने या तो दो विशेषताएं लिखीं या तीन। वे चार विशेषताएं नहीं लिख पाए।

(iii) इस प्रश्न के दो भाग हैं। अधिकांश परीक्षार्थियों ने दोनों भागों का वर्णन किया पर कुछ परीक्षार्थियों ने सिर्फ उनके द्वारा किए गए उपदेश के बारे में लिखा और उससे मिलनेवाली शिक्षा को अनदेखा कर दिया। कुछ ने दोनों भाग अत्यन्त संक्षेप में लिखे, जिससे विषय पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया ।

(iv) भिक्षुओं के कानों में जो शब्द गूंज रहे थे, उनका विस्तृत वर्णन कुछ परीक्षार्थियों ने किया पर प्रश्न के दूसरे भाग अर्थात उन शब्दों से क्या प्रेरणा मिली, का उल्लेख नहीं किया। कुछ परीक्षार्थी प्रश्न के पहले भाग में भी सारी बातों को स्पष्ट नहीं कर पाए ।

(v) प्रश्न के प्रथम भाग में 'अप्प दीपो भव' का अर्थ स्पष्ट करने में परीक्षार्थी सफल रहे पर दूसरे भाग में कुछ परीक्षार्थीयों ने 'सारनाथ' तथा 'कुशीनगर' शब्दों का प्रयोग नहीं किया ।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- परीक्षार्थियों को समझाएं कि गद्यांश की भाषा में उत्तर न लिखकर अपनी भाषा में उत्तर लिखें। प्रश्न के हर एक भाग एवं उपभाग सबका समान रूप से उत्तर दें।
- परीक्षार्थियों को यह समझाएं कि वे गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं उत्तर के हर बिन्दु पर चर्चा करें । अंकों के आधार पर प्रश्न के सभी बिन्दुओं को उत्तर में समाहित करने के लिए प्रेरित करें, इस विषय पर पूरी चर्चा मौखिक एवं लिखित दोनों रूपों में करवाएं ।
- हर अपठित गद्यांश को पढ़वाने के बाद उससे मिलने वाली सीख, प्रेरणा इन सबका अभ्यास कक्षा में करवाएं । परीक्षार्थियों को प्रश्न के सभी भागों एवं उपभागों के उत्तर देने के लिए प्रेरित करें ।
- परीक्षार्थियों को गद्यांश को समझकर प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए प्रेरित करें । केवल अवतरण में दिए गए वाक्यों को उतार देने भर से उत्तर में स्पष्टीकरण का अभाव रह जाता है । परीक्षार्थियों को अपनी भाषा एवं शब्दों का सही एवं सटीक प्रयोग करना सिखाएं ।
- परीक्षार्थियों को समझाएं कि सम्बन्धित प्रसंग को ध्यानपूर्वक पढ़ें। सिर्फ अनुच्छेद उतारने से सभी प्रश्नों के उत्तर स्पष्ट नहीं होते । निर्वाण–कुशीनगर में तथा उपदेश–सारनाथ में – यें दोनों बिन्दु गद्यांश में दिए गए हैं पर एक ही अनुच्छेद में नहीं हैं। अतः उत्तर ढूंढने के लिए गद्यांश को समझना आवश्यक है।

# MARKING SCHEME

## Question 2

अपठित गद्यांश :–

**(i)** जीवन में प्रथम मार्ग है, भोग का। इस मार्ग पर चलकर मानव स्वयं अधिक से अधिक भोगों का आनंद ले कर जीवन सुख और आराम से व्यतीत कर सकता है। दूसरा मार्ग है – त्याग और आत्म–संयम का। इस मार्ग पर चलकर मानव त्याग और तपस्या से पूर्ण कठोर जीवन व्यतीत करता है। इन दोनों के मध्य का, आत्म–संयम और निष्ठा से पूर्ण जीवन मध्यम–मार्ग है।

इस मार्ग की प्रेरणा महात्मा बुद्ध को बोधि वृक्ष के नीचे बैठे हुए, भजन मंडली की संगीत स्वर लहरी से प्राप्त हुई।

**(ii)** उनके मत की विशेषताएं निम्नलिखित थी, जिनके कारण लाखों नर–नारी उनके अनुयायी बन गए –

**(a)** उनका चिंतन सरल और स्वाभाविक था।

**(b)** समानता को अधिक महत्व दिया था।

**(c)** वाह्य आडंबरों की अपेक्षा आंतरिक शुद्धि पर बल दिया।

**(d)** जन–भाषा को अपनाया।

**(e)** अहिंसा और प्रेम पर जोर दिया।

**(iii)** गौतम बुद्ध ने शोकाकुल भिक्षु को उपदेश देते हुए कहा कि वह जन्म और मुत्यु से ग्रस्त मानवता को अहिंसा और प्रेम का मार्ग दिखाएं। जन्म और मृत्यु अटल नियम हैं। उसे अपना दीपक स्वयं बनना चाहिए। इससे हमें अपना मार्ग स्वयं दर्शन करने की शिक्षा मिलती है। इसके लिए प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव का महत्वपूर्ण स्थान है।

**(iv)** पार्थिव शरीर के चारों ओर खड़े भिक्षुओं के कानों में तथागत के शब्द गूंज रहे थे कि भिक्षुओं को उन पर अंधे के समान विश्वास न करके अपने ज्ञान और अनुभव के आधार पर निर्णय लेने पर विचार करना चाहिए।

इनसे हमें यह प्रेरणा मिलती है कि किसी का भी अंध–भक्त होने के स्थान पर आत्मचिंतन आत्म–ज्ञान और अनुभव पर विश्वास करके ही कदम उठाना चाहिए।

**(v)** 'अप्प दीपो भव' का अर्थ है अपना दीपक स्वयं बनो। कोई किसी का मार्गदर्शन नहीं करता। जीवन कर्मक्षेत्र है। व्यक्ति को अपना कर्म करना चाहिए। महात्मा बुद्ध ने ज्ञान–प्राप्ति के बाद अपना उपदेश सारनाथ में दिया। महात्मा बुद्ध जीवन के 80 वर्ष पार करने के बाद कुशीनगर चले गए और वहीं पर उनका निर्वाण हुआ।

## Question 3

**(a)** **Correct the following sentences and rewrite :—** **[5]**

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए **:—**

**(i)** मैंने आज जाना है।

**(ii)** पुलिस को देखकर चोर आठ तीन ग्यारह हो गए।

**(iii)** सूर्यास्त के छिपते ही वातावरण में अंधेरा छा गया।

**(iv)** साहित्य और समाज का घोर संबंध है।

**(v)** यह कार्य तत्काल अभी पूर्ण करना है।

**(b)** **Use the following idioms in sentences of your own to illustrate their meaning :—** **[5]**

निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करें **:—**

**(i)** गले का हार होना।

**(ii)** रंग चढ़ना।

**(iii)** सिर उठाना।

**(iv)** चाँदी होना।

**(v)** अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना।

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(a) (i) अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस वाक्य को सही–सही लिखा। सिर्फ कुछ ने 'मुझे' की जगह 'मेरे को' आज जाना है, लिखा जो कि गलत है। कुछ ने इसे 'मुझे आज जाना होगा' लिखकर वाक्य का अर्थ ही बदल दिया।

(ii) इस वाक्य में अधिकांश परीक्षार्थियों ने सही मुहावरे का प्रयोग किया । कुछ परीक्षार्थियों ने 'नौ दो ग्यारह' की जगह 'तीन तेरह होना' का प्रयोग किया तो कुछ ने वाक्य का क्रम ही बदल दिया । कहीं–कहीं मात्राओं सम्बन्धी अशुद्धियां भी पाई गईं।

(iii) इस वाक्य में अधिकांश परीक्षार्थियों ने गलतियां की। 'सूर्य के छिपते ही' या 'सूर्यास्त होते ही' की जगह उन्होंने 'सूर्यास्त के होते ही' लिखा तथा 'अंधेरा' की जगह 'अंधकार' शब्द लिखा। कुछ ने 'अंधेरा' शब्द पर अनुस्वार नहीं लगाया।

(iv) अधिकतर परीक्षार्थियों ने इस वाक्य में 'गहरा' शब्द का प्रयोग किया। साहित्य और समाज का 'अटूट', 'अभिन्न' एवं 'घनिष्ठ' सम्बन्ध लिखने में परीक्षार्थी असफल रहे।

(v) इस वाक्य में 'तत्काल' या 'अभी' किसी एक शब्द का प्रयोग करना था परन्तु कई परीक्षार्थियों ने दोनां ही शब्द लिखे और 'पूर्ण' की जगह 'पूरा' करना लिख दिया, जिससे वाक्य का पुनरावृत्ति दोष ठीक नहीं हुआ ।

(b)(i) 'गले का हार होना'– मुहावरे का प्रयोग अधिकतर प्रियजनों के सम्बन्ध में होता है न कि भौतिक वस्तुओं के सम्बन्ध में । कुछ परीक्षार्थियों ने इसे भौतिक वसतुओं से जोड़ा पर अधिकांश ने सही उत्तर लिखा। वर्तनी एवं मात्राओं सम्बन्धी अशुद्धियाँ थी।

(ii) अधिकांश परीक्षार्थियों ने 'रंग चढ़ना' मुहावरे का अर्थ न समझ पाने के कारण वाक्य गठन में अशुद्धियाँ कीं।

(iii) 'सिर उठाना' मुहावरे को अधिकतर परीक्षार्थियों ने 'सिर उठाकर जीना' के अर्थ में लिखा जिसके कारण मुहावरे का अर्थ ही बदल गया । 'सिर उठाना' विरोध या बगावत करने के अर्थ में था न कि 'सम्मानपूर्वक जीने' के अर्थ में ।

(iv) 'चाँदी होना' – मुहावरे का वाक्य में सही अर्थ स्पष्ट करते हुए अपनी बात स्पष्ट की गई। वाक्य रचना में वर्तनी तथा मात्राओं की अशुद्धियाँ पाई गईं। सिर्फ कुछ परीक्षार्थिओं ने इस मुहावरे का अर्थ न समझपाने के कारण गलतियां कीं ।

(v) यह मुहावरा परीक्षार्थियों ने समझा पर वाक्य में कारण का अभाव तथा अधिकांश परीक्षार्थियों ने वाक्य गठन में त्रुटियाँ कीं।

## *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- परीक्षार्थियों को बताया जाना चाहिए कि 'मेरे को' 'तेरे को' ये भाषा के गलत प्रयोग हैं। उन्हें पूर्णविराम तथा मात्राओं की सही जानकारी देनी चाहिए तथा ये भी बताना चाहिए कि वाक्य में सिर्फ अशुद्धि दूर करनी चाहिए न कि पूरा वाक्य ही बदल दिया जाए।
- परीक्षार्थियों को समझाएं कि वाक्य में यदि मुहावरे सम्बन्धी अशुद्धि हो, तो सिर्फ मुहावरे को सही करें न कि नया मुहावरा लिखें। साथ ही वाक्य का क्रम न बदलें।
- परीक्षार्थियों को वाक्य में पुनरावृत्ति दोष के बारे में बताएं । अनावश्यक शब्द परिवर्त्तन जैसी अशुद्धियां करने से मना करें । अनुस्वार का महत्व समझाएं।
- 'घोर', 'भयानक', 'गहरा' आदि शब्दों का प्रयोग कहाँ किया जाए, इसका अभ्यास कक्षा में करवाया जाना चाहिए जिससे परीक्षार्थियों को पता चल सके कि किस संदर्भ में इन शब्दों का प्रयोग किया जाता है ।
- पुनरावृत्ति दोष वाले अधिक से अधिक वाक्यों का अभ्यास करवाएं तथा शब्द के समानार्थी लिखने से मना करें। 'तत्काल' और 'अभी' दोनों का एक ही अर्थ है, इस बात पर विशेष जोर दें ।
- मुहावरों की सटीक जानकारी परीक्षार्थियों को दें। वे उन्हें भावनात्मक स्तर पर एवं भौतिक वस्तुओं के साथ इस मुहावरे के प्रयोग का अन्तर समझाएँ।
- 'रंग चढ़ना' मुहावरे का शाब्दिक एवं विशेष अर्थ कक्षा में बताया जाना चाहिए जिससे परीक्षार्थी उसका प्रयोग वाक्य में सही तरीके से कर सके।
- परीक्षार्थियों को इस बात से अवगत कराएं कि एक अतिरिक्त शब्द जोड़ देने से मुहावरे का अर्थ ही बदल जाता है ।
- कक्षा में इस चीज का अभ्यास परीक्षार्थियों से कराएं कि वे कारण लिखते हुए मुहावरे को वाक्य में प्रयुक्त करें अन्यथा वाक्य का अर्थ स्पष्ट नहीं हो पाता । उदाहरणों द्वारा इस बात की जानकारी परीक्षार्थियों को दी जाए ।
- उदाहरणों द्वारा इस बात की जानकारी परीक्षार्थियों को दी जाए ।

## MARKING SCHEME

## Question 3

**(a)** शुद्ध वाक्य

**(i)** मुझे आज जाना है।

**(ii)** पुलिस को देखकर चोर नौ दो ग्यारह हो गए।

**(iii)** सूर्यास्त होते ही वातावरण में अंधेरा छा गया।

**या**

सूर्य के छिपते ही वातावरण में अंधेरा छा गया।

**(iv)** साहित्य और समाज का अभिन्न संबंध है।

**या**

साहित्य और समाज का घनिष्ठ संबंध है।

**या**

साहित्य और समाज का अटूट संबंध है।

**या**

साहित्य और समाज का अवांछिन्न संबंध है।

**(v)** यह कार्य तत्काल पूर्ण करना है।

**या**

यह कार्य अभी पूर्ण करना है।

**(b)**

**(i)** **गले का हार होना** – (अत्यधिक प्रिय होना)
गोपियां श्रीकृष्ण के गले का हार बनी हुई थीं।

**(ii)** **रंग चढ़ना** – (असर पड़ना)
शहर आकर रमेश को शहर का रंग चढ़ने लगा है।

**(iii)** **सिर उठाना** – (बगावत/विरोध करना)
पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ सिर उठा दिया है।

**(iv)** **चांदी होना** – (बहुत लाभ होना)
लाला ली की तो थोक के व्यापार में बहुत चांदी हो रही है।

**(v)** **अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना** – (अपनी प्रशंसा स्वयं करना)
सज्जन पुरुषों को अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना शोभा नहीं देता।

# SECTION B

## PRESCRIBED TEXTBOOKS - 50 Marks

*Answer **four** questions from this Section on at least **three** of the prescribed textbooks.*

### गद्य संकलन (Gadya Sanklan)

# Question 4

एक जगह गरम-गरम जलेबियाँ बन रही थीं। बच्चों के लिए थोड़ी-सी खरीद लीं। घर के दरवाजे पर पहुँचे। दरवाजा खुला था। घर के अन्दर पैर रखने में हृदय धड़कता था। न जाने बच्चे किस हालत में हों ?

**(i)** किसने और कब जलेबियाँ खरीदीं ? जलेबियाँ खरीदने वाले का बच्चों से क्या सम्बन्ध था ? **[1½]**

**(ii)** जलेबियाँ खरीदने वाला व्यक्ति कहाँ और क्यों गया था ? **[3]**

**(iii)** सीताराम जी की अनुपस्थिति में बच्चों की देखभाल किसे करनी पड़ती थी ? इस बारे में सीताराम जी क्यों चिंतित थे ? **[3]**

**(iv)** इस बार बच्चों की देखभाल किसने और क्यों की ? सीताराम जी का उससे कब और कैसे परिचय हुआ था ? **[5]**

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का सही उत्तर लिखा। कुछ परीक्षार्थियों ने 'गौरी' को जलेबियाँ खरीदने वाला बताया तथा कुछ ने जलेबियाँ खरीदने वाले तथा बच्चों का अपसी सम्बन्ध नहीं लिखा।

(ii) इस प्रश्न के उत्तर में अधिकांश परीक्षार्थियों ने सीताराम जी के जेल जाने की बात तो स्पष्ट की पर उनके जेल जाने का कारण ठीक से स्पष्ट नहीं कर पाए। उत्तर के प्रस्तुतीकरण में कमी दिखाई दी।

(iii) बच्चों की देखभाल करने वालों के नाम परीक्षार्थियों ने नहीं लिखे। 'कहारिन' की जगह उन्होंने 'नौकरानी' शब्द का प्रयोग किया तथा 'बुआ' शब्द का प्रयोग तो कई परीक्षार्थियों ने किया ही नहीं। सीताराम जी की चिंता का कारण भी वे अच्छी तरह स्पष्ट नहीं कर पाए।

(iv) प्रश्न के एक भाग 'बच्चों की देखभाल गौरी ने की' ये उत्तर प्रायः हर परीक्षार्थी ने सही लिखा पर 'क्यों' का उत्तर स्पष्ट नहीं कर पाए तथा 'सीताराम जी' एवं 'गौरी' का परिचय कब और कैसे हुआ के उत्तर में वे अपनी बात ठीक तरह से समझा नहीं पाए।

### अध्यापकों के लिए सुझाव

- परीक्षार्थियों को कथानक अच्छी तरह पढ़ने, समझने तथा संक्षिप्त प्रश्नोत्तरों का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करें ।
- इस तरह के प्रश्नों में दोनों भागों का उत्तर सही–सही लिखने के लिए अधिकाधिक मौखिक अभ्यास करवाएं ताकि कथावस्तु की सही जानकारी परीक्षार्थियों को हो तथा लिखित अभ्यास भी करवाएं ताकि वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियाँ न हों।
- कहानी पढ़ाते समय, विषय के हर बिन्दु पर चर्चा करें, संभावित प्रश्नों पर विचार करें तथा उनके उत्तरों का स्पष्टीकरण दें, तो इस तरह की अशुद्धियों से बचा जा सकता है।
- परीक्षार्थियों को समझाएं कि प्रश्न की भाषा ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा प्रश्न के सभी बिन्दुओं का सटीक उत्तर दें । उन्हें बताएं कि यहाँ उस परिचय की बात की जा रही है जब वे पहली बार मिले थे, न कि जेल से छूटने के बाद जब सीताराम जी ने गौरी को अपने घर पर देखा।

# MARKING SCHEME

## Question 4

**(i)** सीताराम जी राजद्रोह केस मामले में एक वर्ष की सजा काट कर जब घर लौट रहे थे तब उन्होंने बच्चों के लिए जलेबियां खरीदी।

वे उन बच्चों के पिता थे। उन्होंने एक जगह गरम–गरम जलेबियां बनती देखी और बच्चों के लिए खरीद लीं।

**(ii)** जलेबियां खरीदने वाले व्यक्ति सीताराम जी को जेल हो गई थी। इसका कारण यह था कि वे कांग्रेस कार्यालय में सेक्रेटरी पद पर कार्य करते थे। महात्मा गांधी का सत्याग्रह आंदोलन पूरे देश में चल रहा था। सत्याग्रहियों, स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित लोगों के प्रति सरकार कठोर कदम उठा रही थी। उन्हें ढूंढ ढूंढ कर गिरफ्तार कर रही थी। क्योंकि सीतारामजी कांग्रेसी थे इसलिए उन पर राजद्रोह का आरोप लगा और गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें एक साल का कठोर सश्रम कारावास मिला।

**(iii)**सीताराम जी को देश को आजाद कराने के सिलसिले में कई बार जेल जाना पड़ा था। पहले उनकी बूढ़ी बुआ थी जो बच्चों की देखभाल कर लिया करती थी। वह अब इस दुनिया में नहीं रही थी।

अब उनके यहां एक कहारिन थी जिसके बारे में उनके मन में आशंका थी कि पता नहीं वह उनके बच्चों की देखभाल ठीक प्रकार से कर पाएगी या नहीं। इस बार वह कहारिन के सहारे ही अपने बच्चों को छोड़ गए थे। कहारिन के अपने भी तीन चार बच्चे थे। जेल में सीताराम जी चिंतित रहते थे। पर उन्हें कायदे के अनुसार हर महीने बच्चे की कुशलता का समाचार मिल जाया करता था।

**(iv)**इस बार (राजद्रोह के मामले में जेल जाने पर) सीताराम जी के बच्चों की देखभाल राधाकृष्णन और कुंती की पुत्री 'गौरी' ने की। क्योंकि गौरी उन बच्चों को जानती थी। बच्चों के विदुर पिता सीताराम जी उसके घर पर आए थे। गौरी के पिता राधाकृष्ण जी ने अपनी पुत्री गौरी के विवाह के संदर्भ में उन्हें कन्या को देखने हेतु बुलाया था। गौरी सीताराम जी की देशभक्ति, सादगी, सरलता, छल कपट से रहित उत्तम एवं आदर्श चरित्र से प्रभावित हो गई थी। और उनके बच्चों के प्रति ममता भी जागृत हो गई थी। एक दिन जब उसने समाचार पत्र में सीताराम जी के जेल जाने का समाचार पढ़ा तो उसकी ममता और देशभक्ति ने एक देशभक्त नवयुवक के अनाथ बच्चों की देखभाल और देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। वह अपनी मां से आज्ञा लेकर नौकर के साथ तत्काल सीताराम जी के घर कानपुर चली गई। इसके लिए उसने अपने पिताजी के आने की भी प्रतीक्षा नहीं की। इस प्रकार उसने देश सेवा में अपना विशेष योगदान दिया।

सीताराम जी जब 'गौरी' को देखने के लिए उसके घर गए थे। गौरी के पिता राधाकृष्ण जी ने उक्त कार्य के लिए स्वयं आमंत्रित किया था। तब गौरी और सीताराम जी का अन्योन्य आमना–सामना हुआ था। इस प्रकार सीताराम जी का परिचय उसके घर पर ही हुआ था।

# Question 5

" 'मजबूरी' कहानी मातृत्व प्रेम से परिपूर्ण एक सरल वृद्धा की कहानी है।'' इस कथन की पुष्टि कहानी की घटनाओं के आधार पर कीजिए। **[12½]**

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

अधिकतर परीक्षार्थियों ने 'मजबूरी' कहानी का सार लिख कर रख दिया। वृद्धा (दादी अम्मा) की सरल हृदयता तथा उनके मातृत्व प्रेम को कहानी की घटनाओं के आधार पर पुष्ट नहीं किया । कुछ ने 'दादी अम्मा' की मजबूरियों, रमा तथा रामेश्वर की मजबूरियों का अधिक वर्णन किया। कुछ ने वृद्धा के सरल मातृत्व से ज्यादा 'बेटे' और 'बहू' को ज्यादा विस्तार दिया । वृद्धा के अकेलेपन का भी वर्णन परीक्षार्थियों ने नहीं किया ।

उत्तर में उद्धरणों का प्रयोग कहीं भी नहीं किया गया या बहुत ही कम किया गया। एक माँ के रूप में, एक दादी के रूप में जो भावनात्मक लगाव, मातृत्व प्रेम तथा वृद्धा के मनोभावों का वर्णन उत्तर में होना चाहिए, उसका अभाव दिखाई दिया । कई परीक्षार्थियों ने उसे अन्य पाठ जैसे कि 'आउट साइडर' से भी मिला दिया ।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- प्रश्न का उत्तर लिखते समय प्रश्न की भाषा को ध्यान में रखें ।
- प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सिर्फ कहानी का सार लिखने मात्र से सही नहीं होता ।
- भाव प्रधान कहानियों में भावनाओं की चर्चा करें ।
- कक्षा में वर्त्तनी का अभ्यास करें ।
- उत्तर में कहानी की घटनाओं के आधार पर अपने विचार स्पष्ट करें ।
- उद्धरणों का प्रयोग न सिर्फ अपनी बात स्पष्ट करने के लिए वरन् अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए भी जरूरी है।
- परीक्षार्थियों को कक्षा में एक आदर्श उत्तर देकर स्वयं अन्य प्रश्नों के उत्तरों का लिखित अभ्यास करवाएं।

## MARKING SCHEME

### Question 5

मन्नू भंडारी द्वारा लिखी कहानी 'मजबूरी' एक भावनाप्रधान कहानी है। पुत्र व पुत्रवधू के दूर रहने के कारण दादी मां पति के साथ रहती है। वह एकाकीपन को परिस्थिति वश झेलती है। लेखिका ने कहानी द्वारा दादी मां, जो कि कहानी की मुख्य पात्र हैं, के मनोभावों को उद्घाटित किया है।

प्राचीन परंपरा और प्रथा के अनुसार दादी का पोते के प्रति मोह होना स्वाभाविक है। मूल से सूद अधिक प्यारा होता है। बूढ़ी अम्मा घर में अपने पति के साथ रह रही है। उसे गठिया का रोग है। उसके पति एक निर्मोही संत का जीवन जी रहे हैं, परंतु अम्मा जिसे अपने बेटे से मिले तीन साल हो गए हैं, बेटे और पोते से मिलने की खुशी में प्रतीक्षारत है। वह लोरी गा गा कर प्रसन्न हो रही है। पोते के आने पर वह फूली नहीं समाती और उसे रामेश्वर से लेकर अपनी छाती से चिपकाती है। उसकी खुशी और बढ़ जाती है, जब रमा कहती है कि दूसरे बच्चे के आने की उम्मीद में वह 'बेटू' को उनके पास छोड़ जाएगी।

बूढ़ी अम्मा अपने दुख दर्द भूल गई। उसके दूध के लिए उसे खिलाने पिलाने के लिए वह रात दिन लगी रहती। वह उसे कभी अपनी पीठ पर लादती तो कभी उसका घोड़ा बन कर आंगन में दौड़ती फिरती। गली में आए फेरी वालों से वह अपनी मनपसंद चीजें खरीदवाता। बेटू की मां रमा ने दूसरे लड़के को जन्म दिया। अब अम्मा निश्चिंत हो गई और उसका बेटू के प्रति मोह बढ़ गया। वह भी दिन–रात राम अम्मा के आगे पीछे घूमता था।

दो साल बाद रामेश्वर और रमा अम्मा और बेटू से मिलने आए तो बेटू की हरकतें देख रमा का खून खौलने लगा। रमा ने अम्मा से कहा 'अम्मा, आपने तो इसे बिगाड़ कर धूल कर रखा है। इस तरह कैसे चलेगा ?' वे नहीं चाहते थे कि बेटू की जिंदगी चौपट हो। अतः रमा ने उसे मुंबई ले जाने का मन बनाया।

पहले तो रमा बेटू को तांगे की सवारी का लालच दे अपने मायके ले गई। वहां वह अम्मा की याद में बीमार पड़ गया। अम्मा स्वयं उसे अपने घर ले आई और वह ठीक हो गया। फिर जब रमा दोबारा आई तो उसने अम्मा को बेटू के लिए समझाया। अम्मा ने अपनी जमा–पूंजी खर्च करके नौकर शिबू को रमा के साथ मुंबई भेज दिया। वहां नए मित्रों, बसों, ट्राम, झूले आदि पाकर वह धीरे–धीरे दादी को भूलने लगा और खुश रहने लगा। यह समाचार सुन अम्मा खुश तो हुई, पर उसकी आंखों में आंसू थे।

अतः कहा जा सकता है कि लेखिका ने दादी मां के चरित्र के माध्यम से अनेक ऐसी नारियों के चरित्र को दिखाया है जो अकेलेपन और बुढ़ापे को झेलती है और मजबूरीवश समय के साथ समझौता करती है। 'मजबूरी' कहानी ममता से परिपूर्ण एक सरल व वृद्धा की कहानी है।

# Question 6

संस्कृति की परिभाषा न देकर लेखक ने किन लक्षणों का उल्लेख कर संस्कृति को समझाने का प्रयत्न किया है ?उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **[12½]**

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

बहुत ही कम परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का उत्तर लिखा। जिन्होंने लिखा भी, तो वे इस के साथ सही न्याय नहीं कर पाए ।

कुछ परीक्षार्थियों ने इसे 'क्या निराश हुआ जाए' निबन्ध से जोड़कर उत्तर लिख दिया । संस्कृति के लक्षणों को भी विभिन्न उदाहरणों द्वारा स्पष्ट नहीं कर पाए । कुछ ने सिर्फ पाठ का सारांश लिख दिया इसलिए वे प्रश्नानुसार उत्तर नहीं लिख पाए । कुछ परीक्षार्थी दो तीन उदाहरणों द्वारा अपनी बात समेटने में सफल रहे पर उत्तर बहुत ही संक्षिप्त था।

## *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- सर्वप्रथम पाठ के मुख्य बिन्दुओं को रेखांकित करवाएँ, फिर विभिन्न उदाहरणों द्वारा उन बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करें। परीक्षार्थियों को उन उदाहरणों को याद करने के लिए कहें । बार–बार पाठ की मौखिक पुनरावृत्ति करवाएँ ।
- इस तरह के विचारात्मक निबन्धों में बहुत ही सावधानीपूर्वक तथा कुछ विशेष ध्यान देते हुए एक–एक सूक्ष्म बिन्दु पर आलोचना, समालोचना एवं चर्चा करते हुए पाठ समझाएं क्योंकि इस तरह के निबन्ध याद रखना परीक्षार्थियों के लिए कठिन होता है।

## MARKING SCHEME

## Question 6

श्री रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना 'संस्कृति की चार अध्याय' बहुचर्चित और अमूल्य पुस्तक है। संस्कृति एक ऐसा शब्द है जिसका उपयोग अधिकतर होता है पर उसको समझना बहुत कठिन है। लेखक ने उसके लक्षणों की सहायता से उसकी सुंदर व्याख्या इस पाठ में प्रस्तुत की है। सभ्यता और संस्कृति देश–जाति के दो भिन्न–भिन्न गुण हैं। अंग्रेजी में इनकी व्याख्या की गई है। लेखक ने एक

वाक्य के द्वारा उसके एक लक्षण को अभिव्यक्त किया है -

"अंग्रेजी में कहावत है कि सभ्यता वह चीज है जो हमारे पास है, संस्कृति वह गुण है जो हम में व्याप्त है।"

सभ्यता स्थूल भौतिक पदार्थ है और संस्कृति वह कला है जो उन वस्तुओं का निर्माण करती है, इस कला के ज्ञान को अर्जित करने में संस्कृति स्वयं को अभिव्यक्त करती है। प्रत्येक सुसभ्य व्यक्ति सुसंस्कृत नहीं हो सकता। वह अच्छे कपड़े पहन सकता है, अच्छे घर में रह सकता है, अच्छा–खा पी सकता है पर आवश्यक नहीं है कि उसमें अच्छे संस्कार भी हो। यदि उसमें आत्मिक गुणों का अभाव है तो वह सुसंस्कृत हो ही नहीं सकता। इसके विपरीत सामान्य जीवन जीने वाला व्यक्ति भले ही उसके समान सुसभ्य ना हो परंतु अपने अच्छे गुणों के कारण सुसंस्कृत अवश्य है। लेखक ने अपनी बात को समझाने के लिए छोटा नागपुर की आदिवासी जनता तथा हमारे प्राचीन ऋषि–मुनियों का उदाहरण दिया है।

संस्कृति को समझाने के लिए लेखक ने संस्कृति और सभ्यता की भिन्नता का दूसरा लक्षण भी दिया है। साधारण नियम यह है कि सभ्यता और संस्कृति की प्रगति साथ–साथ होती है। दोनों एक दूसरे से प्रभावित होती है। लेखक ने घर के उदाहरण से अपनी बात को स्पष्ट किया है। घर बनवाना स्थूल रूप में सभ्यता है पर घर बनाने के लिए किस नक्शे को पसंद किया जाता है, किस कक्ष में क्या होना चाहिए, उसे कैसे सजाया जाए, यह हमारी संस्कृतिक रुचि पर निर्भर करता है। संस्कृति की प्रेरणा से बनाया गया घर सभ्यता का अंग बन जाता है। इस प्रकार दोनों के एक दूसरे से प्रभावित होने का क्रम निरंतर चलता रहता है।

दिनकर जी ने संस्कृति और प्रकृति का अंतर भी स्पष्ट किया है। गुस्सा करना मनुष्य की प्रकृति है और लोभ में पड़ना स्वभाव। ईर्ष्या, द्वेष, मोह, राग, कामवासना प्रकृति के गुण हैं। यदि इन पर रोक न लगाई जाए तो यह ही गुण दुर्गुण बन जाते हैं तथा मनुष्य और जानवर में कोई अंतर नहीं रहता। लेखक के शब्दों में, "मनुष्य प्रकृति के इन आवेगों पर रोक लगाता है और कोशिश करता है कि वह गुस्से के बस में नहीं, बल्कि गुस्सा ही उसके बस में रहे; वह लोभ, मोह, ईर्ष्या, द्वेष और कामवासना का गुलाम ना हो, बल्कि यह दुर्गम ही उसके गुलाम रहें।"

इन दुर्गुणों पर विजय पाले वाला व्यक्ति उच्च कोटि की संस्कृति का स्वामी होता है।

सभ्यता और संस्कृति में सभ्यता दृष्टिगोचर होती है जब की संस्कृति उसे संवारती और सजाती है। जिस प्रकार दूध में घी और फूल में गंध छिपी रहती है उसी प्रकार सभ्यता में संस्कृति छिपी होती है। संस्कृति के बिना सभ्यता बेमानी है। सभ्यता की वस्तुएं टूट–फूट सकती हैं, पर संस्कृति का विनाश सरलता से नहीं होता।

सभ्यता के उपकरण बटोरे जा सकते हैं पर उनके उपयोग के लिए जिस संस्कृति की आवश्यकता होती है उसे अर्जित करने में समय लगता है। सभ्य व्यक्ति यदि विनयशील नहीं है तो वह हंसी का पात्र नहीं बन सकता। लोग उसे चढ़ाने लगते हैं। क्योंकि सभ्यता के साधनों के उपयोग का भी अपना–अपना अंदाज़ होता है।

संस्कृति दस–बीस या पचास–सौ वर्षों की मेहनत का परिणाम नहीं है। यह सैकड़ों–हजारों वर्षों के तौर तरीकों से पनपती है। प्रत्येक समूह के खाने–पीने, रहने–सहने, पढ़ने–लिखने, सोचने–समझने धर्म–कर्म तथा राज–काज का अपना तरीका होता है जो पीढ़ी दर पीढ़ी सीखा जाता है। यह उसे अन्य वस्तुओं के समान विरासत में मिलता है। परिस्थितियों के परिवर्तन से साहित्य, कला इत्यादि की शैलियों में भी बदलाव आता है। व्यक्ति उसे भी पूर्व ज्ञान में संजोता जाता है और आगामी पीढ़ी को समर्पित करता

है। यह क्रम हजारों सालों से चला आ रहा है इस पर ही हमारी संस्कृति की रचना होती है। यही समूह विशेष की संस्कृति है।

लेखक ने अत्यंत सुंदर और सटीक शब्दों में संस्कृति के मानव से अंतरंग संबंध को उजागर किया है। संस्कृति और मानव का जन्म–जन्मान्तर का संबंध है। अपने इस जन्म के संस्कारों के अनुसार ही पुनर्जन्म होता है। लेखक के शब्दों में :–

"संस्कार या संस्कृति, असल में, शरीर का नहीं आत्मा का गुण है और जब की सभ्यता की सामग्रियों से हमारा संबंध शरीर के साथ ही छूट जाता है, तब भी हमारी संस्कृति का प्रभाव हमारी आत्मा के साथ जन्म–जन्मांतर तक चलता रहता है।"

प्राचीन काल से ही पनपने वाली कला हमारी संस्कृति की धरोहर है। पुस्तकालयों और संग्रहालयों, नाट्यशालाओं और सिनेमा–घरों के साथ–साथ राजनीतिक और आर्थिक संगठन भी हमारी संस्कृति की पहचान हैं।

संस्कृति का स्वभाव आदान–प्रदान होता है। जिस प्रकार दो व्यक्तियों का आपस में मिलन होता है तब एक दूसरे की संगति में वे बहुत कुछ सीख जाते हैं। उसी प्रकार जब दो देशों का आपसी संबंध स्थापित होता है तो दोनों देशों की संस्कृतियां प्रभावित होती हैं। कुछ अपना देती हैं और कुछ दूसरों से लेती हैं।

जो जाति केवल देना जानती है, लेना नहीं, अर्थात दूसरी संस्कृति की अच्छी बात ग्रहण करना नहीं जानती उसकी संस्कृति का एक दिन दिवाला निकल जाता है। जिस जलाशय में स्वच्छ जल आता रहता है उसमें कमल के फूल खिलते रहते हैं अर्थात नए–नए विचार जन्म लेते रहते हैं तथा संस्कृति का विकास होता रहता है। कोई भी ज्ञान या संस्कार समय के अनुसार परिवर्तित ना हो तो उसका एक दिन पतन अवश्य होता है। परिवर्तन ही जीवन है और परिवर्तन के साथ जीवन विकास की ओर उन्मुख होता है। एक देश में जब उच्च कोटि के कवि होते हैं उसी युग में दूसरे देशों में भी अन्य कवि जन्म लेते हैं। एक देश का धर्म दूसरे देशों को भी प्रभावित करता है। रुका जल दुर्गंधयुक्त हो जाता है और बहता जल निर्मल बना रहता है। दिनकर ने अपनी बात को सुंदर शब्दों में इस प्रकार कहा है –

"जब भी दो जातियां मिलती हैं, उनके संपर्क या संघर्ष से जिंदगी की एक नई धारा फूट निकलती है जिसका प्रभाव दोनों पर पड़ता है। आदान–प्रदान की प्रक्रिया संस्कृति की जान है और इसी के सहारे वह स्वयं को जिंदा रखती है।"

यदि अधिक से अधिक संस्कृतियों के गुणों को आत्मसात करके समन्वय करने वाली संस्कृति अधिक महान है तो भारत देश और भारतीय जाति इस दृष्टिकोण से सबसे महान है क्योंकि यहां की समाजिक संस्कृति में अनेक जातियों की संस्कृतियां रच बस गई हैं।

## काव्य मंजरी (Kavya Manjari)

# Question 7

जाऊँ कहाँ तजि चरण तुम्हारे।

काको नाम पतित पावन जग केहि अति दीन पियारे

कौने देव बराइ बिरद हित, हठि-हठि अधम उधारे।

खग, मृग, व्याध, पषान, विटप जड़, जवन-कवन सुत तारे।

देव, दनुज, मुनि, नाग, मनुज सब, माया-बिबस बिचारे। तिनके हाथ दास

तुलसी प्रभु, कहा अपुनपौ हारै।

**(i)** प्रस्तुत पंक्तियाँ कहाँ से ली गई हैं ? इनके कवि कौन हैं ? भक्त ने किसके प्रति अपनी आस्था

प्रकट की है ? **[1½]**

**(ii)** पतितपावन किसे कहा गया है और क्यों ? **[3]**

**(iii)** 'माया-बिबस बिचारे' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। **[3]**

**(iv)** "जाऊँ कहाँ तजि चरन तुम्हारे" शीर्षक पद के आधार पर कवि की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए। **[5]**

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) कई परीक्षार्थी इस प्रश्न का उत्तर सही–सही लिख पाए। परन्तु कुछ परीक्षार्थियों ने 'प्रस्तुत पंक्तियाँ कहाँ से ली गई हैं के उत्तर में तुलसीदास के पद लिखा, वे 'विनय पत्रिका' का उल्लेख नहीं कर पाए। कुछ ने कवि का नाम 'तुलसीदास' न लिखकर 'कबीरदास' या 'सूरदास' लिखा ।

(ii) 'पतितपावन' राम को कहा गया है, ये उत्तर अधिकांश परीक्षार्थियों ने सही लिखा, पर 'क्यों' का उत्तर स्पष्ट नहीं कर पाए । कुछ ने 'पतितपावन' श्रीकृष्ण को कहा ।

(iii) इस प्रश्न का उत्तर ज्यादातर परीक्षार्थियों ने गलत लिखा। वे 'माया–बिबस बिचारे' पंक्ति का अर्थ ही नहीं समझ पाए इसलिए उत्तर ठीक तरह से नहीं लिख पाए । कुछ परीक्षार्थियों ने सिर्फ कविता की पंक्तियाँ ही उतार कर रख दीं। कुछ ने 'माया' को मृत्यु रूप में लिया जिससे उत्तर में स्पष्टीकरण का अभाव रहा

(iv) इस प्रश्न के उत्तर में कवि की भक्तिभावना पर प्रकाश डालने की बजाय परीक्षार्थियों ने पूरे पद का भावार्थ ही उत्तर के रूप में लिखा दिया। भक्ति भावना पर तनिक भी चर्चा नहीं की।
कुछ परीक्षार्थी भक्तिभावना का अर्थ ही नहीं समझ पाए सलिए एक–दो पंक्तियों में अस्पष्ट एवं अधूरा उत्तर लिखकर छोड़ दिया।

कुछ ने 'श्री कृष्ण' को कवि का आराध्य मान कर गलत उत्तर लिख दिया ।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- परीक्षार्थियों को सूरदास, तुलसीदास तथा कबीरदास का अन्तर उनकी भक्तिभावना, उनके जीवनवृत्त तथा साहित्यिक परिचय के माध्यम से बताएं। कवियों तथा लेखकों का परिचय याद करवाएं। उनकी प्रमुख कृतियों से परिचित कराएं ताकि परीक्षार्थी इस तरह की अशुद्धियाँ न करें ।
- पाठ/कविता समझाते हुए कब, कौन, कहाँ तथा किससे का उल्लेख करें ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह का भ्रम न हो और वे स्पष्ट रूप से अपना उत्तर लिख सकें यदि कोई पौराणिक प्रसंग पाठ से जुड़ा हुआ हो, तो उस पर भी चर्चा करें ताकि पाठ अच्छी तरह समझ में आ सके ।
- कविता पढ़ाते समय हर पंक्ति का अर्थ स्पष्ट करें, एक–एक घटना की विस्तृत जानकारी दें ताकि परीक्षार्थी सही–सही उत्तर लिख सकें। 'माया' जैसे शब्दों को प्रसंग के अनुसार विस्तार से समझाएँ ।
- कक्षा में भक्त कवियों की भक्तिभावना पर विस्तार से चर्चा की जानी चाहिए। सगुण भक्ति तथा निर्गुणभक्ति की विभिन्न धाराओं तथा उससे जुड़े कवियों की जीवनी, रचनाओं तथा भक्ति भावना पर अच्छी तरह से व्याख्या की जानी चाहिए।
- तुलसीदास जी की 'रामाश्रयी भक्ति' तथा कबीरदास जी की 'रामाश्रयी भक्ति' में भी अन्तर बताएं । इसके लिए अधिक से अधिक उदाहरणों का प्रयोग करें ।

## MARKING SCHEME

### Question 7

**(i)** प्रस्तुत पंक्तियां हमारी पाठ्यपुस्तक "काव्य मंजरी" के "तुलसीदास के पद" शीर्षक में संकलित "विनय पत्रिका" से उद्धृत पद से ली गई हैं। इन पंक्तियों के कवि "तुलसीदास" हैं।
भगत कवि तुलसीदास ने भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की है।

**(ii)** पतित पावन श्रीराम को कहा गया है। क्योंकि श्रीराम अपने भक्तों से भेदभाव नहीं रखते। जो उनकी शरण में आ जाता है उसका उद्धार निश्चय रूप से हो जाता है। अत्यंत नीच और पापी जनों का श्रीराम ने हठात उद्धार किया है। उदाहरण के लिए जटायु नामक पक्षी (खग) का उद्धार किया। कपट से मृग का रूप धारण करने वाले राक्षस मारीच का उद्धार किया। जीव हत्या करके

अपने परिवार का पालन करने वाले व्याध का उद्धार किया। महर्षि गौतम के शाप से पाषाण (पत्थर की शिला) में परिवर्तित उनकी पत्नी अहिल्या का उद्धार किया। शाप वश जड़ वृक्ष के रूप में पीड़ित यमल और अर्जुन का उद्धार किया। यही नहीं जो भी उनकी शरण में आया उसका उद्धार किया इसीलिए उन्हें (श्रीराम को) पतित पावन कहा जाता है।

**(iii)** 'माया–बिबस बिचारे' का अर्थ है माया के आधीन होना। तुलसीदास जी कहते हैं कि देवता, राक्षस, मुनि, नाग और मनुष्य ये बेचारे माया के बस में हैं। इनमें से मैं किसी की आराधना करके क्यों अपनापन या आत्मीयता खोंऊ। मेरे तो केवल एक ही आश्रय हैं - श्रीराम। मैं उनके चरणों की शरण छोड़कर कहीं नहीं जाऊंगा।

**(iv)** तुलसीदास जी भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त थे। श्रीराम उनके इष्ट देव थे। वे किसी अन्य देवी–देवता की पूजा में विश्वास नहीं रखते थे। वे मानते थे कि श्रीराम का पवित्र नाम पतितों का उद्धार करने में सक्षम है। वे यह जानते हैं कि उनके इष्टदेव को गरीब और दुखी बहुत प्यारे लगते हैं। श्रीराम इतने दयालु और कृपालु हैं कि उन्होंने खग, मृग, व्याध, पषान बिट्प जड़, जबन कवन ना जाने कितनों को तार दिया। अंत में तुलसीदास जी कहते हैं कि देव, राक्षस, मुनि, नाग और मनुष्य सब माया के अधीन पड़े हैं। वे बेचारे हैं। मैं इनमें से किसी एक की आराधना करके अपनापन या आत्मीयता नहीं खोना चाहता। वे मेरे इष्टदेव हैं और मैं उनका अनन्य भक्त हूं। मुझे उन पर पूरा विश्वास है।

# Question 8

साखी के आधार पर सिद्ध कीजिए कि कबीरदास जी एक सफल कवि एवं श्रेष्ठ उपदेशक थे, उन्होंने बाहरी आडम्बरों या पाखंडों का विरोध करके किस चीज पर अधिक ध्यान देने पर जोर दिया है ? **[12½]**

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

इस प्रश्न के उत्तर में अधिकतर परीक्षार्थियों ने कबीरदास जी के 'कवि' एवं 'उपदेशक' स्वरूप को स्पष्ट नहीं किया न ही उन्होंने बाहरी आडम्बरों और पाखंडों का उल्लेख करते हुए इस बात को स्पष्ट किया कि वे इनका विरोध कर किस चीज पर अधिक जोर देने को कहते थे। उन्होंने सारे दोहों का सरलार्थ लिखकर अपने उत्तर की इतिश्री मान ली। कविता की पंक्तियों को भी उद्धरणों के तौर पर नहीं लिखा।

परीक्षार्थियों ने सभी दोहों का वर्णन भी नहीं किया । प्रमुख दोहा जो इस प्रश्न के लिए अपेक्षित था, वह भी नहीं लिखा । कुछ ने कक्षा दसवीं के दोहों को भी इसमें मिला दिया ।

## *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- कक्षा में धार्मिक बाह्याडम्बरों तथा पाखंडों पर खुलकर चर्चा करें । कबीरदास जी ने क्यों इनका विरोध किया। वे ईश्वर प्राप्ति के लिए किस चीज पर बल देने को कहते थे , इस पर भी विस्तार से चर्चा करनी चाहिए ।
- कबीरदास जी के कवि, उपदेशक, सुधारक एवं क्रांतिकारी स्वरूप की जानकारी देनी चाहिए। प्रश्न की भाषा के सभी बिन्दुओं को अपने उत्तर में शामिल करने के लिए कहें ।
- प्रत्येक उत्तर में उद्धरणों के तौर पर पंक्तियाँ लिखने के लिए प्रेरित करें ।
- कक्षा दसवीं तथा बारहवी के दोहों का सस्वर वाचन करवाएं ताकि कोई संदेह न रहे ।

## MARKING SCHEME

## Question 8

कबीरदास जी अपने समय के महान विचारक, युगदृष्टा, परम ज्ञानी और श्रेष्ठ उपदेशक थे। 'साखी' के दोहों में उनकी स्पष्टवादिता, सत्यवादिता एवं कठोरता सीधे हृदय पर प्रहार करती है। उनका 'साखी' में दिया ज्ञान हमारा पथ प्रदर्शन करता है। वे सफल कवि भी थे।

कबीर निराकरवादी थे। उन्होंने अपनी रचनाओं में 'राम' शब्द का प्रयोग किया किंतु उन का राम ब्रह्म का प्रतीक है। उनके द्वारा प्रतिपादित ईश्वर व्यापक है तथा समस्त संसार में व्यापक है। पूजा–पाठ में उन्होंने ऊंच–नीच, जात–पात को नहीं माना। वे लिखते हैं :–

**जाति–पांति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई।**

कबीर ने सभी धर्मों के कर्मकांडों का विरोध किया। उन्होंने जातिगत, धर्मगत, विश्वासगत, रुढ़ियों और परंपराओं के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई :

**पाहन पूजे हरि मिले तो मैं पूजूं पहार,**
**ताते ते चाकी भली पीस खाए संसार।**

दूसरी ओर मुस्लिम कट्टरवादियों का उपहास करते हुए कहा है :

**कांकर पाथर जोरि के, मस्जिद लई बनाय,**
**ता चढ़ी मुल्ला बांग दे, क्या बहिरा हुआ खुदाय।**

कबीर के काव्य में अलौकिक प्रेम का मार्मिक वर्णन है। काव्य में रहस्यमय अनुभूतियां, विरह की व्याकुलता, आत्मसमर्पण की उत्कंठा तथा दर्शन की अभिलाषा यत्र–तत्र छलकती है :

**अखड़ियां झाई पड़ी, पंथ निहारि निहारि।**
**जीभड़िया छाला पड्यां, राम पुकारि पुकारि।।**

ज्ञान का दीपक मिल जाने पर अज्ञानता दूर हो जाती है और अहंकार के नाश होते ही परमात्मा के दर्शन हो जाते हैं।

**जब मैं था, तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाहीं**

प्रेम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहते हैं :

**कबीर बादल प्रेम का हम पर वर्षा आइ।**
**अंतरि भीगी आत्मा हरी भई बनराइ।।**

कबीर के काव्य की सामाजिक दृष्टि से जितनी उपयोगिता तत्कालीन समाज को थी, आज भी उनकी रचनाएं समय सापेक्ष हैं। आज भी जनमानस को दिशाबोध करने में उनकी विशेष भूमिका है। गुरु की महिमा का गान करते हुए लिखते हैं :

**गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय।**
**बलहारी गुरु आपनो, जिन गोविन्द दियो मिलाय।।**

अतः हम देखते हैं कि कबीर न केवल कवि थे, वे युगद्रष्टा, युग प्रवर्तक और निर्भीक समाज सुधारक बनकर सब के सामने आए।

# Question 9

जैसा हम बोयेंगे वैसा ही पायेंगे।' पंक्ति को आधार बनाकर 'आ: धरती कितना देती है' कविता की समीक्षा कीजिए। **[12½]**

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का उत्तर कविता के सरलार्थ को स्पष्ट करते हुए लिख दिया। वे कविता की समीक्षा नहीं कर पाए और न ही इस कथन को स्पष्ट कर पाए कि 'जैसा हम बोयेंगे वैसा ही पायेंगे'।

बहुत आसान प्रश्न होते हुए भी वे इसका सन्तोषजनक उत्तर नहीं दे पाए ।

कविता का सबसे महत्वपूर्ण अंश उसका अंतिम भाग था जिसके आधार पर समीक्षा तथा प्रश्न में दिए गए कथन को स्पष्ट किया जा सकता था, पर परीक्षार्थी इसमें असफल रहे। कुछ ने कवि 'सुमित्रानंदन पंत' को कवयित्री लिखा।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- परीक्षार्थियों को प्रश्नानुसार उत्तर लिखने का अभ्यास करवाना चाहिए। उन्हें समीक्षा शब्द का अर्थ बताना चाहिए ताकि वे त्रुटियाँ न करें ।
- कविता के भावार्थ पर विस्तार से चर्चा करें ताकि उन्हें ' जैसा हम बोयेंगे वैसा ही पायेंगे' जैसी पंक्तियों की व्याख्या करने में कठिनाई न आए ।
- परीक्षार्थियों को अच्छी तरह से समझाएं कि विषय से भटक कर अनावश्यक विस्तार न करें वरन् प्रश्न की भाषा के अनुरूप उत्तर को समेटने का प्रयास करें ।

## MARKING SCHEME

## Question 9

पंत जी की कविता का महत्व संवेदना और अभिव्यंजना दोनों धरातल पर है। उनका प्रकृति चित्रण, मन, स्थितियों और मनोदशाओं को प्रकट करने वाला है। उन्होंने प्राकृतिक से संवेदनशीलता को ग्रहण किया था। वह संवेदनशीलता सीधे–सीधे काव्य में प्रस्तावित हुई है। प्रकृति के मूर्तचित्रों में पंत जी ने जन–जीवन की अभिलाषाओं को अभिव्यक्त किया है। 'जैसा हम बोएंगे, वैसा ही पाएंगे' पंक्ति मानव अभिलाषा के विभिन्न आयामों को अभिव्यक्त करती है।

'आः धरती कितना देती है। कविता वास्तव में मानव की विभिन्न अभिलाषाओं को तीन भागों में बांट देती है। व्यक्ति जब जल्दी से जल्दी अमीर बनकर केवल स्वार्थ और लोभवश कार्य करता है तो उसमें काफी कष्ट होता है और अभिलाषा पूर्ण भी नहीं होती। कवि ने बचपन की एक घटना का चित्रण मर्मिक शब्दों में किया है। कभी बच्चा था, अनजान था। उसे धरती की देय शक्ति का अनुमान भी नहीं था। यही करण है कि उसने अपनी धन की ममता को बोया और उसे लालच से सींचा। ऐसे व्यक्तियों को धरती भी नहीं देती है। कवि के शब्दों में :

**मैं हताश हो, बाट जोहता रहा दिनों तक,**
**बाल कल्पना के अपलक पावड़े बिछाकर,**
**मैं अबोध था, मैंने गलत बीज बोए थे,**
**ममता को रोपा था, तृष्णा को सींचा था।**

कवि ने पैसे बोने का कार्य चुपचाप सबसे छुपकर किया था। पैसे उगते नहीं हैं, इस बात से बालक अनजान था। लगभग आधी शताब्दी व्यतीत हो जाने पर भी पैसों के अंकुर नहीं फूटे। धरती पर घास आदि के जो बीज पड़े होते हैं वर्षा की रिमझिम फुहारों से वे भी अंकुरित हो जाते हैं। अपने समय से ऋतुयें आयीं और गयीं पर बंजर धरती ने एक भी पैसा नहीं उगला। इस बार फिर से गहरे काले–काले बादल आसमान पर छाए और धरती को मिला कर गए। मिट्टी नरम हो गई थी। कवि ने कोतूहल के वशीभूत होकर मिट्टी कुरेद कर घर के आंगन में सेम के कुछ बीज दबा दिए थे। कवि के शब्दों में :–

**मैंने कोतूहलवश, आंगन के कोने की**
**गीली तय को यू ही उंगली से सहला कर,**
**बीज सेम के दबा दिए मिट्टी के नीचे,**
**भू के आँचल में मणि–माणिक बांध दिए हों।**

पैसों के अंकुर फूटने का कवि को बेसब्री से इंतज़ार था पर सेम के बीज तो उसे मणि–माणिक की तरह धरती के आंचल में बांधने थे, सो बांध दिए बस। यह छोटी सी घटना याद करने लायक नहीं थी। ये बीज ममता के तो थे पर इनको तृष्णा से नहीं सींचा गया था। सेम के अंकुर फूट गए थे। एक दिन संध्या समय टहलते हुए कवि की दृष्टि उन पर पड़ी। कवि उन्हें एक टक देखते रहे। उन अंकुरों का कवि ने बहुत सुंदर वर्णन किया है – कवि को लगा की उन्होंने छोटे–छोटे छाते तान रखे हैं। कवि की कल्पना अत्यंत सटीक है वर्षाऋतु में छाते का बिम्ब अत्यंत मनमोहक है पर कवि ने प्रकृति के इन छोटे–छोटे पौधों में जीवन की अभिव्यक्ति की है। कवि के शब्दों में :–

**छाता कहूं या विजय पताकाएं जीवन की,**
**या हथेलियां खोले थे वह नन्ही, प्यारी–**

उन्हें देखकर कवि को ऐसा अनुभव हुआ कि वे बहुत उल्लासित हैं। शायद अपने अंडे तोड़ कर चिड़ियों के बच्चों की तरह उड़ जाने के लिए बेचैन हैं। धीरे–धीरे यह अंकुर पत्तों से लदकर झाड़ियां बन गए। कुछ समय के पश्चात आंगन में बेल फैल गई। आंगन में लगे वाढ़ के सहारे वे सौ झरनों के समान ऊपर की ओर बढ़ने लगे। कवि के शब्दों में :–

**हरे–हरे सौ झरने फूट पेड़ ऊपर को,**
**मैं अवाक रह गया वंश कैसे बढ़ पाया।**

लताएं फैल गईं उनपर छोटे–छोटे तारों जैसे फूल खिले, सेम की फलियाँ लगी जो बहुत सारी थीं। काफी समय तक सेम की फलियां तोड़ते रहे और खाते रहे। इस तरह हमारी भौतिक आवश्यकताएं धरती पूरा करती है। धरती माता अपने पुत्रों को कितना अधिक देती है ! बचपन में कवि ने इस तथ्य को नहीं समझा था वरना वह 'बचपन में छिः स्वार्थ लाभवश' पैसे बोते !

अंत में कवि समझ जाते हैं कि धरती का नाम वसुधा क्यों पड़ा। वह तो अनेक रत्नों को जन्म देती है। हम जो बोते हैं वही पाते हैं। हमें लोभ, लालच और स्वार्थ का परित्याग कर धरती में उचित बीजारोपण करना चाहिए। धरती हमें हमारी आवश्यकता से भी अधिक देगी धरती को समाज का प्रतीक मानकर कवि कहते हैं कि इसमे सच्ची समता के दाने बोने चाहिए। मनुष्य की क्षमता तथा मानव ममता के दाने बोने चाहिए अर्थात यदि हम धरती मां का उचित उपयोग करें तो हमारी सभी ज़रूरतों को पूरा करने की क्षमता उसमें है। पर हमारे लोभ और स्वार्थ के कारण ही विश्व में वैमनस्य है। मानवता कराह उठती है। विषमता का भाव है। कुछ लोग लालच के कारण अपने पास धन इकट्ठा कर लेते हैं। अनाज के

गोदामों को अधिक मूल्य पाने के लालच में भर लेते हैं जिससे धरती मां के अन्य पुत्र भोजन तक से वंचित रह जाते हैं। अतः कवि सच्ची समता, क्षमता तथा मानवता के बीज बोना चाहते हैं।

**जिससे उगल सके फिर धूल सुनहली फसलें,**
**मानवता की–जीवन श्रम से हंसे दिशाएं**

इस तरह से स्पष्ट है कि हम जैसा बोयेंगे वैसा ही पाएंगे। कविता की भाषा खड़ी बोली है। उन्होंने हिंदी को कोमलकांत कदावली से ही विभूषित नहीं किया अपितु भाषा में एक नए प्रकार का ओजस्वी स्वर भी भरा है। कविता की अंतिम पंक्ति के कारण कविता का स्वर मानवता की ओर उन्मुख हो गया है। धरती अपने पुत्रों का लालन–पालन करने की पूर्ण क्षमता रखती है, पर स्वार्थ और लालच के कारण संसार में लड़ाई–झगड़ा, मारकाट होती रहती है। अतः मानवता के बीज बोने चाहिए "जियो और जीने दो" ही कविता का संदेश है।

## 'सारा आकाश' (Saara Akash)

# Question 10

''बाबू जी तुम मुझे अपने हाथ से जहर देकर मार डालो

मेरा गला घोट दो ......... मुझे वहां मत भेजो ...........।।''

**(i)** इस कथन का वक्ता कौन है ? उसका परिचय दीजिए। **[1½]**

**(ii)** उसे कहां भेजा गया और क्यों ? समझाकर लिखिए। **[3]**

**(iii)** बेटी की दुर्दशा देखकर माता-पिता की क्या स्थिति थी ? **[3]**

**(iv)** उपन्यास के आधार पर तत्कालीन नारी की दशा का वर्णन कीजिए। **[5]**

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) इस प्रश्न के उत्तर में परीक्षार्थियों ने 'वक्ता' का नाम सही लिखा पर उसका परिचय सिर्फ एक पंक्ति में 'समर की बहन के रूप में' लिखा जबकी उसके परिचय में और बातें भी लिखी जा सकती थी। कुछ परीक्षार्थियों ने वक्ता के रूप में 'मुन्नी' की जगह 'प्रभा' का नाम लिखा ।

(ii) इसमें 'मुन्नी' को कहाँ भेजा गया तो स्पष्ट था पर क्यों भेजा गया, ये स्पष्ट नहीं हो पाया ।

परीक्षार्थी ये स्पष्ट नहीं कर पाए कि सामाजिक मर्यादा के कारण तथा पिता की ये सोच कि अब मुन्नी का पति सुधर गया है – के कारण उसे ससुराल भेजा गया।

(iii) इस प्रश्न का उत्तर परीक्षार्थियों ने स्पष्ट नहीं किया । उन्होंने माता–पिता के विदीर्ण हृदय की स्थिति का अच्छी तरह उल्लेख नहीं किया । विशेषकर अम्मा और बाबूजी के कथन का जहाँ अम्मा 'मुन्नी' को अधमरा करके यहाँ भेजने की बात कर रही थी तथा पिता उसकी दूसरी शादी की बात कर रहे थे और अम्मा बदनामी के भय से उनका विरोध कर रहीं थी।

(iv) इस प्रश्न को कई परीक्षार्थियों ने उपन्यास की नारी पात्राओं से सम्बन्धित करके नहीं लिखा वरन् आज की नारी किस तरह उत्पीड़न का शिकार हो रही है, को सामान्य रूप से लिख दिया । संदर्भ का अभाव होने के कारण उत्तर पूरी तरह से सही नहीं हो पाया

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– कक्षा में वक्ता एवं श्रोता का परिचय किस तरह लिखा जाना चाहिए, 'परिचय' चरित्रचित्रण से किस प्रकार अलग है, ये भी बताना चाहिए ।

– 'परिचय' में विशेषकर उस पात्र विशेष की पूरी जानकारी देनी चाहिए। इसलिए परीक्षार्थियों का मार्ग दर्शन जरूरी है।

– कब, क्यों, कहाँ आदि पक्ष संदर्भ के साथ अच्छी तरह स्पष्ट किए जाएं जिससे परीक्षार्थी सही कारण लिख पाएं। मुन्नी को ससुराल भेजने के दो–तीन कारण थे, उन सभी पर चर्चा की जाए । घटनाक्रम की पूरी जानकारी दी जानी चाहिए।

– परीक्षार्थियों को समझाएं कि वे माता–पिता के उस वक्त के कथन, जब मुन्नी का पति उसे लेने आया था, को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं उनकी उस समय की स्थिति का वर्णन करें जब वे न चाहते हुए भी सामाजिक मर्यादाओं के भय से जबरदस्ती मुन्नी को उसकी ससुराल भेज रहे थे ।

– परीक्षार्थियों को बताया जाए कि प्रश्न में उपन्यास के आधार पर तत्कालीन नारियों की दशा पर प्रकाश डालना था न कि सामान्य नारियों की दशा लिखनी थी । नारी पात्राओं में मुन्नी, प्रभा, भाभी इन सब का संदर्भ देते हुए उत्तर लिखा जाना चाहिए था।'तत्कालीन' शब्द का अर्थ स्पष्ट किया जाना चाहिए ।

## MARKING SCHEME

## Question 10

**(i)** इस कथन की वक्ता मुन्नी है जो ससुराल से उत्पीड़ित अपने माता–पिता के पास रहती है। वह जोर–जोर से रोती हुई कहती है क्योंकि उसके पति उसे पुनः लेने आए हैं। वह किसी भी कीमत पर वहां नहीं जाना चाहती। खर्चे का ध्यान करके मुन्नी ने कहा कि वह किसी का चौका बर्तन कर लेगी या कूट–पीस लेगी पर उसे वहां मत भेजो।

**(ii)** बिना सूचना दिए दो–ढाई साल बाद अचानक मुन्नी के पतिदेव उसे लेने आए थे। खाना खिला चुकने के बाद बाबूजी अंदर आए और उन्होंने कहा, "कल मुन्नी जाएगी, सुबह दस बजे की गाड़ी से।"

सारा घर सकते की हालत में आ गया। अम्मा ने बाबूजी से कारण जानना चाहा। बाबूजी अम्मा की चारपाई पर बैठ गए। नीचे लालटेन के चारों ओर सब बैठे थे।

मुन्नी एक ओर दीवार का सहारा लिए बैठी थी। प्रभा वहां नहीं थी। बाबू जी ने बताया कि दामाद बहुत माफी मांग रहा था। उसे अपनी गलती का अफसोस हो रहा था। वह कह रहा था फिर कभी ऐसा नहीं होगा। अगर वह कभी ऐसी बात सुने तो कान पकड़ ले। बिरादरी जो दंड देगी वह भरेगा। वह रुआंसा सा हो गया इस कारण उन्होंने हां कर दी।

**(iii)** अम्मा ने साफ–साफ कहा कि वह अपनी बेटी को नहीं भेजेंगे। पहले ही अधमरा कर दिया और अब तो जान से ही मार डालेगा। बाबूजी ने उससे सारी बात साफ–साफ कर ली है। अम्मा उनकी बात मानने को तैयार नहीं थी। बाबूजी बहुत परेशान थे वे हार गए थे, उन्होंने उसकी दूसरी शादी की बात की जिसका जवाब अम्मा ने इस प्रकार दिया चले हैं, दूसरी शादी कर देते हैं। सो सारी बिरादरी और शहर हमारे जन्म में थूकते फिरें, क्यों ? पहले ही नेकनामी फैली है। अच्छी तुम्हारी आर्यसमाजियों के साथ रह–रहकर अक्ल सठिया गई है।"

**(iv)** लेखक मुन्नी को अपने घर में सबसे अभागिन मानता है। मुन्नी के माता–पिता उसे पढ़ा रहे थे। लोगों के कहने पर इतनी बड़ी कर ली है विवाह नहीं करना क्या ? इस तरह के तानों को सुन–सुनकर उन्होंने मुन्नी की पढ़ाई बीच में ही छुड़वाकर सोलह–सत्रह वर्ष की उम्र में उसका विवाह कर दिया। जब वह मायके आई तो बिलख–बिलख कर रोती। उसका पति मुन्नी से नौकरानी की तरह अपनी और उस रखेल की सेवा करवाता। मायके में आकर मुन्नी तटस्थ रहने लगी। अम्मा ऐसे आदमी के साथ भेजने के पक्ष में नहीं थी। इसलिए बोली :

"अब उस चुड़ैल का क्या होगा ?"

जब परिवार में पता है वह लड़की को मौत की कुएं में डाल रहे, फिर भी वे समाज को महत्व देते हैं। विवाहित लड़की परिवार को भार लगती है। यही कारण है कि उपन्यास के अंत में मुन्नी की मृत्यु का तार आता है।

# Question 11

समर का मन आत्म-ग्लानि से कब भर गया और क्यों ? समझाकर लिखिए। **[12½]**

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

इस प्रश्न का उत्तर जिन भी परीक्षार्थियों ने लिखा वे इसे पूरी तरह स्पष्ट नहीं कर पाए । समर का मन कब आत्मग्लानि से भर गया इस विषय पर सभी परीक्षार्थियों ने अलग–अलग तर्क दिए। किसी ने सिर्फ उसे चाँटा मारने वाली घटना से स्पष्ट किया, तो किसी ने उसके छत पर रोने वाली घटना से जोड़ा । अधिकांश ने अलग–अलग घटनाएँ जैसे– सुहागरात पर प्रभा से न बोलना, उसे मायके से स्वयं न लाना, खाने में नमक ज्यादा होने पर थाली उठाकर पटकने आदि का वर्णन तो किया पर समर की आत्मग्लानि के बारे में स्पष्ट उल्लेख नहीं कर पाए। किस तरह प्रभा की समझदारी, उसका सकारात्मक रवैया भी समर को आत्मग्लानि से भरता है, इसका जिक्र भी उत्तर में नहीं मिला ।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

इस तरह के प्रश्न के उत्तर में उन सारी घटनाओं का जिक्र करने के लिए कहें जिससे समर का मन आत्मग्लानि से भर उठा । इसमें पूरे उपन्यास की घटनाओं के आधार पर कथन की पुष्टि की जानी चाहिए तथा विशेष उदाहरणों द्वारा उत्तर को प्रभावी बनाने की जानकारी देनी चाहिए। उसमें किसी एक प्रसंग विशेष पर चर्चा नहीं करनी थी । उपन्यास के घटनाक्रम पर प्रश्न के अनुसार चर्चा करनी चाहिए । विशेषकर उपन्यास के प्रमुख पात्रों अर्थात 'समर' और 'प्रभा' के चरित्र से जुड़ी हर बात का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया जाना चाहिए ।

## MARKING SCHEME

## Question 11

समर ने प्रभा से सुहागरात को कोई बात नहीं की। कारण, उसने प्रभा के व्यवहार को अपना अपमान समझा। पढ़ी–लिखी लड़की सुहागरात को पति का स्वागत ना करे उसकी अशिष्टता थी। समर के अनुसार शायद सभी से सुंदर और पढ़ी–लिखी होने के कारण उसे घमंड हो गया था। दाल में नमक तेज होना उसकी लापरवाही का प्रतीक है। प्रभा को मायके भेजे छः महीने हो गए थे। समर ने इस बात की परवाह नहीं की। उसे लिवा लाने के लिए बाबू जी ने समर से कहा था पर उस दिन वह गुस्से में था। थोड़ी झेंप भी थी। पता नहीं उसने अपने घर जा कर क्या कहा होगा ? अमर भाभी को लेकर आ गया उसने बताया कि घर के सभी लोगों की बुराई कर रहे थे लेकिन उसके घर वाले समर की बड़ी प्रशंसा कर रहे थे। उन्हें समर की पढ़ाई की बड़ी चिंता थी। पूछ रहे थे प्रभा को ले जाने से पढ़ाई में व्यावधान तो नहीं आएगा। वह चाहते थे कि समर खूब पढ़े। समर के मन में यह जानने की प्रबल इच्छा उत्पन्न हो रही थी कि प्रभा ने उसके बारे में अपनों से जाकर क्या कहा ? उसे अपने अनुचित व्यवहार पर पछतावा हो रहा था। समर की आकांक्षाएं बहुत ऊंची हैं और वह नारी को उसमें बाधक मानता है। उसे एहसास हुआ कि उसके पास सुहागरात को प्रभा से ना बोलने का कोई ठोस कारण न था। उसका मन आत्मग्लानि से भर गया क्योंकि उसका व्यवहार गलत था।

वह प्रसन्न भी था यदि प्रभा ने उसकी बुराई की होती तो अमर से वे जरूर कह देते। उस समय उसे अपने पर क्रोध आ रहा था कि उसने उसका मुख भी नहीं देखा।

भाभी और मुन्नी की आंखों से बचता समर बाहर चला गया। सारी विषाद और चिंताएं मिट गई थीं। वह सोच रहा था कि प्रभा सचमुच बहुत समझदार है। पढ़ी–लिखी और अनपढ़ में यही अंतर होता है। दाल में नमक उसकी घबराहट के कारण ज्यादा पड़ गया होगा। जहां भाभी और अम्मा जैसे भयानक आलोचक होंगे बौखलाना सामान्य बात है। उस समय वह उसका उपेक्षापूर्ण व्यवहार और पत्र न डालने की गुस्ताखी सब भूल गया। अपने स्वभाव के संबंध मे समर ने कहा है :–

"असल में मैं शुरू से ही बहुत जल्दबाज रहा हूं ज़रा कोई बात देखी कि झट अपने विचार बना डाले। यह मेरी बहुत बड़ी कमज़ोरी है .......।"

इस प्रकार स्पष्ट है कि प्रभा के इस व्यवहार ने उसे आत्मग्लानि से भर दिया। प्रभा ने उसे समझा, उसकी पढ़ाई–लिखाई और परीक्षा के महत्व को समझा। प्रभा ने उसके व्यवहार को सकारात्मक रूप में लिया और उसकी प्रशंसा ही की। अमर ने उसके घरवालों की अपने संबंध में बातें सुनकर तथा सुहागरात और खाना बनाने की रस्म वाले दिन के अपने व्यवहार पर उसे पछतावा हुआ और वह आत्मग्लानि से भर गया।

# Question 12

सारा आकाश' उपन्यास के आधार पर नायिका प्रभा का चरित्र-चित्रण कीजिए। **[12½]**

### परीक्षकों की टिप्पणियाँ

अधिकांश परीक्षार्थियों ने प्रभा का चरित्र चित्रण ठीक से किया पर कुछ परीक्षार्थियों ने प्रभा की सिर्फ तीन या चार चारित्रिक विशेषताएं ही लिखीं। कुछ परीक्षार्थियों ने चरित्र चित्रण की शैली में इस प्रश्न का उत्तर नहीं लिखा । उन्होंने कहानी की तरह उत्तर लिखते हुए कहीं–कहीं प्रभा के बारे में एक दो बातें लिखीं।

कुछ परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का उत्तर बहुत ही संक्षेप में लिखा ।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- परीक्षार्थियों को समझाएं कि चरित्र चित्रण की शैली कैसी होती है ?

  साथ ही यह भी बताएं कि किसी पात्र की कम से कम पाँच से छह चारित्रिक विशेषताएं अवश्य लिखें। इन विशेषताओं की पुष्टि कथानक में आए उद्धरणों या उदाहरणों से करें । मात्र कहानी लिखने से प्रश्न का उत्तर सटीक नहीं माना जाएगा ।

## MARKING SCHEME

### Question 12

उपन्यास की नायिका 'प्रभा' पढ़ी–लिखी महिला है। वह सुंदर, समझदार, मेहनती, महत्वाकांक्षी एवं कोमल है। हमारे समाज में लड़की चाहे कितनी भी पढ़ी–लिखी क्यों ना हो विवाह में माता–पिता को दहेज देना ही पड़ता है। यदि वह अच्छा दहेज नहीं लाई तो उसे ताने सुनने ही पड़ते हैं। प्रभा जिस दिन विदा होकर ससुराल आई, उसी दिन उसके सामने वाले घर में एक बहू ने स्वयं को आग लगा ली थी। उसे पता चला कि उसके पति समर विवाह नहीं करना चाहते थे। विवाह से पूर्व की थकान, ससुराल का भय–इन सब कारणों से डरी हुई थी। वह पहली रात समर से नहीं बोली, तो समर का क्रोध बढ़ गया। जिस महिला का पति ना बोले तो परिवार के अन्य सदस्यों का कठोर व्यवहार सहती रही। चुपचाप घर के सारे कामों को करते हुए भी वह समर को कुछ ना कहती क्योंकि वह परिवार की व्यंग्य भरी बातों पर ध्यान देता था। उसके पर्दा ना करने पर परिवार मे हंगामा होता। प्रभा दृढ़ निश्चय थी। वह किसी से कुछ भी कहने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं करती थी। काम वह उसी प्रकार करती थी जिस प्रकार उसका मन चाहता था। अपने कर्तव्य, घर के काम–काज के प्रति सजग रहती थी।

प्रभा के द्वारा पहली बार खाना बनाने में दाल में नमक ज्यादा पर समर ने थाली को ठोकर मार दी, यह बात मुन्नी ने बतायी कि बड़ी भाभी ने जानबूझकर नमक की मुट्ठी डाल दी है, जिसका परिणाम वह चुपचाप सहती है। घर में एक मुन्नी ही प्रभा के प्रति हमदर्दी रखती है।

प्रभा चुपचाप सभी अत्याचार सहते हुए घर के कामों में लगी रहती थी। उसका गोरा रंग धीरे–धीरे काला पड़ता गया। मांस के नाम पर शरीर में केवल हड्डियां दिखाई देती थी। अम्मा जी ने उसके चरित्र पर लांछन लगा दिया। अभी तक वह सभी अत्याचार सहती रहती थी पर कभी भी उसे किसी ने आंसू बहाते हुए नहीं देखा। उस दिन चरित्र पर आरोप लगाए जाने के कारण वह बुरी तरह टूट गई थी। रात को बाहर एक कोने में बैठ कर रो रही थी, तो कठोर हृदय समर ने कहा–कल दिन में रो लेना। बाहर ओस में तबियत खराब हो जायेगी।

टोने–टोटके में विश्वास न होते हुए भी अम्मा और भाभी का मन रखने के लिए सैयद बाबा की धूनी अपने पल्ले में बांधती है। समर से बोलचाल के बाद उसकी सोच का दूसरा ही रूप सामने आया। वह चाहती थी कि उसका पति कोइ प्रोफेसर या मैनेजर हो। इसलिए वह चाहती थी कि समर कम से कम एम. ए. पढ़कर अच्छी नौकरी प्राप्त करे।

### 'आषाढ़ का एक दिन' (Aashad Ka Ek Din)

## Question 13

"यह लोकनीति है मैं तो कहूँगा कि लोकनीति और मूर्खनीति दोनों का एक ही अर्थ है।''

**(i)** उपर्युक्त कथन कौन, किससे और कब कह रहा है ? **[1½]**

**(ii)** उपर्युक्त वाक्य किस सन्दर्भ में कहा गया है ? **[3]**

**(iii)** वक्ता का संक्षिप्त परिचय दीजिए। **[3]**

**(iv)** 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक का उद्देश्य लिखिए। **[5]**

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का उत्तर सही लिखा। कुछ ने 'वक्ता' और 'श्रोता' का नाम सही लिखा पर प्रश्न के दूसरे उपभाग में 'कब' का उत्तर स्पष्ट नहीं किया। कुछ ने 'वक्ता' का नाम सही लिखा पर 'श्रोता' में 'अम्बिका' की जगह 'मल्लिका' का नाम लिख दिया।

(ii) परीक्षार्थी ये नहीं समझ पाए कि वाक्य किस संदर्भ में कहा गया है, वे 'संदर्भ' शब्द का अर्थ ही नहीं जान पाए इसलिए कई परीक्षार्थीयों का उत्तर गलत हो गया। जिन्होंने पात्रों को पहचानने में गलती की, वे और अधिक विषय से हट गए।

(iv) वक्ता का नाम गलत होने के कारण कई परीक्षार्थियों ने गलत व्यक्ति/पात्र का चित्रण कर दिया। कुछ ने 'श्रोता' का संक्षिप्त परिचय लिख दिया। वे 'वक्ता' तथा 'श्रोता' के बीच अन्तर नहीं समझ पाए। पर जिन परीक्षार्थियों ने वक्ता का नाम सही लिखा, उन्होंने परिचय भी सही लिखा।

(v) परीक्षार्थी नाटक का उद्देश्य स्पष्ट रूप से नहीं लिख पाए। उन्होंने सिर्फ नायक तथा नायिका के प्रेम प्रसंग तथा आषाढ़ के एक दिन से जोड़कर उसे लिखा, जिसके कारण वे बारिश में भीगते नायक - नायिका के अन्तर्मन की प्रसन्नता, उनकी संवेदनशीलता, उनके अर्न्तद्वन्द तथा गाँव वासियों के जीवन, उनकी सादगी तथा निश्छलता को उद्देश्य से जोड़ नहीं पाए।

### अध्यापकों के लिए सुझाव

– परीक्षार्थियों को 'किसने', 'किससे' कहा के साथ 'कब' कहा का अभ्यास विभिन्न प्रसंगों द्वारा बार बार करवाना चाहिए ताकि वे इस तरह की अशुद्धियाँ न करें। 'वक्ता' तथा 'श्रोता' के नाम में भी किसी तरह की अशुद्धि न करें क्योंकि पात्रों के नाम गलत होने पर पूरा उत्तर ही गलत हो जाता है।

– परीक्षार्थियों को 'प्रसंग' तथा 'संदर्भ' का अर्थ समझाएं ताकि वे संदर्भ स्पष्ट करते हुए प्रश्न का उत्तर सही–सही लिख सकें।

– परीक्षार्थियों को समझाया जाए कि 'वक्ता' और 'श्रोता' जब किसी विषय पर, किसी विशेष समय पर कोई बात करते हैं या चर्चा करते हैं, तो वह उस बात या चर्चा के विषय का संदर्भ कहलाता है।

– कक्षा में पढ़ाते समय 'वक्ता' तथा 'श्रोता' का अन्तर समझाना चाहिए। परीक्षार्थी जब तक इन दोनों का अर्थ नहीं समझेंगे, तो वे सही उत्तर नहीं लिख पाएंगें। ऐसे में सभी सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर गलत होंगे।

– उद्देश्य', 'शिक्षा' तथा 'सन्देश' इन सब का अर्थ तथा इन्हें लिखने की भाषाशैली की जानकारी परीक्षार्थियों को दें।

– नाटककार अपनी रचना के माध्यम से हमें क्या बताना चाहता है, इस बात को कहानी के उद्देश्य के रूप में समझाएं। हो सके तो एक आदर्श उत्तर परीक्षार्थियों को लिखवा दिया जाए।

## MARKING SCHEME

## Question 13

**(i)** यह कथन मातुल ने अंबिका से कहा है। यह कथन उस समय कहा गया है जब मातुल कालिदास को खोजते हुए मल्लिका के घर आता है। वह वहां आकर यह कहता है कि आचार्य वररुचि उसे उज्जैनी ले जाने के लिए आए हैं।

**(ii)** मातुल जब यह बताते हैं कि कालिदास को आचार्य वररुचि उज्जैनी ले जाने के लिए आए हैं लेकिन कालिदास जाने के लिए मना कर देते हैं तो अंबिका यह सब सुनने के बाद कहती है कि वह उज्जैनी अवश्य जाएगा। क्योंकि सम्मान प्राप्त होने, सम्मान के प्रति प्रकट की गई उदासीनता व्यक्ति के महत्व को बढ़ा देती है। वह मातुल से कहती है कि तुम्हें तो प्रसन्न होना चाहिए कि तुम्हारा भांजा लोक नीति में निपुण है।

मातुल अंबिका का यह कथन सुनने के बाद यह कहता है कि सम्मान के प्रति कालीदास द्वारा व्यक्त की जाने वाली उदासीनता मूर्ख नीति कहलाएगी क्योंकि जो व्यक्ति सम्मान दे रहा है, वह रुष्ट हो सकता है। सम्मान करने का निर्णय बदल सकता है।

**(iii)** 'मातुल' कालीदास का मामा है जो बुजुर्ग व्यक्ति है तथा कालिदास का सरंक्षक है। जब कालीदास को उज्जैनी से आमंत्रण आता है तो कालिदास अनमने भाव से इंकार कर देता है तब वह मल्लिका से कहता है की अगर राजकीय सम्मान मिल रहा है तो उसे लेने में क्या परेशानी है।

मातुल अति वाचाल है, वह बोलने में निपुण है। वह अपनी बात को स्पष्ट करके लोगों के बीच रखना जानता है। वह व्यवहार कुशल और कोमल ह्रदय व्यक्ति है। मातुल मल्लिका की दयनीय अवस्था देख कर दुखी होता है और शिकायत स्वर में कहता है कि उसने प्रियंगुमंजरी द्वारा दी गई सहायता क्यों नहीं ली ? वह उसे कालिदास के संन्यास लेने की सूचना भी देता है। नाटक के अंत में उसे बैसाखी के साथ दिखाया है। यह दिखाने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार सामाजिक सक्रांति के मूल्यों के कारण उसे अंततः पंगु बनाना पड़ता है।

**(iv)** **उद्देश्य** :– बहुमुखी प्रतिभा के धनी, प्रसिद्ध नाटककार मोहन राकेश द्वारा लिखित 'आषाढ़ का एक दिन' नामक नाटक को आधुनिक युग का प्रथम नाटक कहा जा सकता है। प्रस्तुत नाटक में नाटककार ने महाकवि कालिदास के निजी जीवन की अपनी कल्पना प्रस्तुत की है। लेखक ने इतिहास और पौराणिकता के माध्यम से प्राचीन काल की बातों की बजाय वर्तमान समस्याओं को उठाया है। लेखक उद्देश्य और प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाना चाहता है। आषाढ़ के महीने में वर्षाऋतु में पहाड़ों का सौंदर्य मनोहारी हो जाता है जिसके फलस्वरूप कालिदास जैसे कवि की रचनाएं जीवंत हो उठती हैं। सम्राट विक्रमादित्य के निमंत्रण पर वे उज्जैनी तो चले जाते हैं पर वे गांव के पहाड़ों का सौंदर्य नहीं भूल पाते। आषाढ़ के महीने में बारिश में भीगते नायक–नायिका के अंतर्मन की प्रसन्नता के साथ ही गांव के लोगों के सारे जीवन तथा उनके निश्चल व भोलेपन को दिखाना लेखक का उद्देश्य रहा है। इस यथार्थवादी नाटक के पात्रों के मानसिक व आंतरिक अंतर्द्वंद्व ने उनकी संवेदनशीलता को प्रकट किया है। अभावग्रस्त जीवन जीते हुए भी नाटक की नायिका का साहित्य के प्रति प्रेम व समर्पण दिखाया है। इस नाटक में मल्लिका का निःस्वार्थ प्रेम कालीदास को महाकवि कालिदास बना देता है।

आषाढ़ का एक दिन राकेश जी एक ऐसी कृति है जिसमें वाह्य तथा आंतरिक यथार्थ के अंतर्द्वंद्व को दिखाया गया है। यही इस नाटक का उद्देश्य है। अपने इसी उद्देश्य के कारण ही यह नाटक नाट्य लेखन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस नाटक की प्रत्यक्ष विषय वस्तु कालिदास के जीवन से संबंधित है। सारी घटनाएं आषाढ़ के एक दिन पर ही घटती हैं। अतः कहा जा सकता है कि जीवन के अंतर्द्वंद को संवेदनशीलता के साथ दिखाकर दर्शकों को उनकी अनुभूति कराना ही इस नाटक के नाटककार का उद्देश्य है।

# Question 14

मल्लिका 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की एक महत्वपूर्ण पात्र है, जिसके चरित्र ने सर्वाधिक प्रभावित किया है। उसकी चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **[12½]**

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

इस प्रश्न का उत्तर परीक्षार्थियों ने अत्यन्त संक्षिप्त रूप से लिखा, साथ ही उपन्यास की घटनाओं का अनावश्यक वर्णन किया । मल्लिका का चरित्र–चित्रण स्पष्ट तो मिला किन्तु बहुत कम चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन किया गया । कहीं–कहीं परीक्षार्थियों ने सिर्फ कहानी लिख दी, बीच बीच में कुछ जगह मल्लिका की चारित्रिक विशेषताएं भी आ गईं, जिसे ढूंढ–ढूंढ कर निकालना पड़ा । चरित्र चित्रण की शैली का अभाव रहा । कुछ परीक्षार्थी काफी अच्छी तरह चरित्र चित्रण करने में सफल रहे ।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– उपन्यास या नाटक पढ़ाते समय पात्रों का वर्णन उनका परिचय, उनका व्यक्तित्व तथा उनकी चारित्रिक विशेषताओं का विस्तार से उल्लेख होना चाहिए । कम से कम आठ से दस चारित्रिक गुण बताए जाएं ताकि परीक्षार्थी कम से कम पाँच–छः विशेषताएं याद रख पाएं । साथ ही उन विशेषताओं से जुड़े प्रसंग भी उदाहरण के तौर पर लिखे जाएं ।

– कहानी का सार लिख देना चरित्र चित्रण की शैली नहीं है, ये बात बिल्कुल अच्छी तरह स्पष्ट करनी चाहिए ।

## MARKING SCHEME

## Question 14

'आषाढ़ का एक दिन' नाट्य पात्रों की दृष्टि से भी एक सफल नाटक है क्योंकि पात्रों की योजना कथानक के अनुसार है। मोहन राकेश के इस नाटक में दो प्रमुख पात्र हैं, कालिदास और मल्लिका। जिनमें मल्लिका का चरित्र नाटक के संदेश को अपने में समेटे हुए है। नाटक का यह चरित्र नाटक का प्राण है, जिसमें कालिदास व अन्य पात्रों के सहयोग से नाटककार के उद्देश्य को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मल्लिका के चरित्र की अनेक विशेषताएं हैं, जो नाटक को प्रभावशाली बनाने में सहायक हैं। मल्लिका ने अपने चरित्र का बड़ी सफलता से निर्वाह किया है।

मल्लिका के चरित्र की प्रमुख विशेषताएं निम्नवत हैं :

**प्रकृति प्रेमी** - 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के प्रारंभ में जब मल्लिका वर्षा में भीग कर आती है और अंबिका से प्रकृति के सौंदर्य का वर्णन करती है प्रकृति से उसके प्रेम का आभास हो जाता है। मल्लिका प्रकृति के बहुत करीब है। मल्लिका का यह कथन उसकी प्रकृति प्रेम को प्रदर्शित करता है।

"माँ, आज के वे क्षण मैं कभी नहीं भूल सकती। सौंदर्य का ऐसा साक्षात्कार मैंने कभी नहीं किया। जैसे वह सौंदर्य अस्पृश्य होते हुए भी माँसल हो।"

इस तरह मल्लिका को मेघ–मालाओं से अच्छादित पर्वत शिखरों को देखकर अपने तन–मन की सुध नहीं रहती है जो उसके प्रकृति प्रेम को प्रमाणित करता है।

**त्याग की प्रतिमूर्ति** - मल्लिका ने पूरे नाटक में जहाँ आवश्यकता पड़ी है, अपने स्वार्थ को दर–किनार रखकर निर्णय किया है जो उसके अंतर्निहित त्याग की भावना को दर्शाती है। मल्लिका नाटक के प्रारंभ में भी अपने विवाह की बात कालिदास से ना करके कालिदास की प्रतिभा को पल्लवित होने का पूरा अवसर देती है। इतना ही नहीं, कालिदास के जाते समय मल्लिका एक बार भी अपने प्रेम के पाश में उसे बांधने

का प्रयास नहीं करती और अपने बारे में बिना कुछ सोचे उसे जाने के लिए प्रेरित करती है। मल्लिका का यह कथन उसकी त्याग की भावना को स्पष्ट करता है। वह कालिदास से कहती है कि "जानती हूँ कि कोई भी रेखा तुम्हें घेर न ले तो तुम घिर जाओगे। में तुम्हें घेरना नहीं चाहती। इसलिए कहती हूँ जाओ"। इस प्रकार मल्लिका कालिदास के जाने के समय अपने स्वार्थ का पूरी तरह से त्याग कर उसे जाने के लिए प्रेरित करती है। वहीं दूसरी ओर जब अंतिम दृश्य में बच्ची को लेकर कालिदास को रोकने जाती है और बच्ची का ध्यान आते ही रुक जाती है, वहां भी उसका त्याग ही प्रदर्शित होता है।

**स्वाभिमानी -** मल्लिका, जिसका व्यक्तित्व एक तरफ भावुक और कोमल भावना वाला है वहीं दूसरी ओर उसने कभी भी अपनी आत्म–सम्मान को आहत नहीं होने दिया। मुश्किल परिस्थिति में होते हुए कभी भी किसी से दया की अपेक्षा नहीं की बल्कि प्रियगुंमंजरी की तरफ से कई बार सहायता देने के बाद भी उसे स्वीकार नहीं करती और अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करती है। मातुल का यह कथन उसके चरित्र के इस गुण को इस प्रकार उदघाटित करता है –

"प्रियगुंमंजरी ने तुम्हारे लिए कुछ वस्त्र और स्वर्ण मुद्राएं भिजवाई थीं, जो तुमने लौटा दी ?"

**सच्ची प्रेयसी -** मल्लिका एक सच्ची प्रेयसी के धर्म का निर्वाह करते हुए बिना किसी अपेक्षा के कालिदास की प्रतिभा को विकसित होने के लिए कहीं भी अपने प्रेम को बाधा नहीं बनने देती। अंबिका के कहने पर कि 'विवाह के लिए तुम क्यों नहीं कहती ?' इस प्रश्न के जवाब में मल्लिका का कथन उसके सच्चे प्रेम को प्रदर्शित करता है। "तुम उसके प्रति सदा अनुदार रही हो, माँ !

...... मातुल के घर में उनकी क्या दशा रही है। उस साधनहीन और अभावग्रस्त जीवन में विवाह की कल्पना भी कैसे की जा सकती थी ?"

**संघर्षशील -** मल्लिका का जीवन कालिदास के जाने के बाद पूर्णतया संघर्षपूर्ण रहा। प्रारंभ में माँ के साथ विचारों का संघर्ष, कालिदास के जाने के बाद दैनिक जीवन में संघर्ष के रूप में परिणित हो जाता है। मल्लिका ने पूरे नाटक में जीवन से संघर्ष किया। कभी भी अपनी इस अवस्था का जिम्मेदार किसी को नहीं ठहराया। अंततः वह एक वीरांगना का जीवन व्यतीत करने पर विवश है, परंतु वह कभी परिस्थितियों के समक्ष समर्पण नहीं करती।

**भोली, सरल व भावुक ह्रदय -** मल्लिका बहुत भोली व सरल ह्रदय स्त्री है। वह लोगों के छल–कपट से दूर है। किसी को नुकसान पहुंचाकर अपना लाभ नहीं उठाना चाहती। वह चाहती तो कालिदास को उज्जयनी भेजते समय स्वयं जाने की जिद करती अथवा विवाह को कह सकती थी पर उसने ऐसा नहीं किया। वह प्रियगुंमंजरी से भी ईर्ष्या नहीं करती अपितु उसे इस बात की चिंता है कि वह उसका ठीक प्रकार से सम्मान नहीं कर पा रही है।

वह कहती है - 'मैं समझ नहीं पा रही हूं कि किस रूप में आपका आतिथ्य करूं ? आप आसन ले लें तो मैं आपके लिए.....।' वह अपने लिए कुछ नहीं चाहती। वह भावनाओं में जीती है। जब प्रियगुंमंजरी किसी राज्यधिकारी से उसका विवाह करवाने का प्रस्ताव रखती है तो वह उसे भी स्वीकार नहीं करती। प्रियंगु के

यह कहने पर "... तुम्हारे मन में कल्पना नहीं है कि तुम्हारा अपना घर–परिवार हो ?" मां अंबिका कहती है – "इसके मन में यह कल्पना नहीं है क्योंकि यह भावना के स्तर पर जीती है। इसके लिए जीवन में......।" अतः हम कह सकते हैं कि मल्लिका बहुत भोली, सरल व भावुक हृदय है। उसका जीवन कष्टपूर्ण व कांटो भरा है। माँ के अस्वस्थ होने पर वह माँ की सेवा करती है। अपना संपूर्ण जीवन कालिदास की यादों के सहारे व्यतीत कर देती है। अंत में अपने व माँ के भरण–पोषण के लिए उसे स्वयं को ही जीवन–यज्ञ में समर्पित करना पड़ता है। इस प्रकार मल्लिका पाठकों की सहानुभूति बटोर लेती है। और नाटक की सशक्त व प्रभावशाली पात्र बन जाती है।

# Question 15

मोहन राकेश द्वारा लिखित 'आषाढ़ का एक दिन' नाट्य लेखन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नाटक के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए। **[12½]**

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

सिर्फ कुछ परीक्षार्थी ही 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कर पाए अन्यथा अधिकांश छात्रों ने सिर्फ नाटक की कथावस्तु ही लिख डाली। शीर्षक में रोचकता, संक्षिप्तता, सार्थकता, जिज्ञासावर्धक, औचित्य जैसे शब्द कहीं दिखाई नहीं दिए । अधिकांश परीक्षार्थियों ने प्रश्न के पहले भाग का उत्तर नहीं लिखा, वे इस बात पर प्रकाश ही नहीं डाल पए कि किस प्रकार यह नाट्य लेखन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है ।

## *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– परीक्षार्थियों को स्पष्ट रूप से यह बताया जाना चाहिए कि शीर्षक की सार्थकता के लिए कुछ शब्दों जैसे – शीर्षक उचित है, सार्थक, संक्षिप्त, सटीक, ध्वन्यात्मक, द्विअर्थी है ।बाद में उसे कहानी की घटनाओं के साथ जोड़कर शीर्षक के औचित्य को सिद्ध करना सिखाएं । हर प्रश्न का उत्तर लिखने की एक अलग कला होती है, सिर्फ कहानी का सार ही सभी प्रश्नों का सही उत्तर नहीं है, इस बात से भी अवगत कराएं ।

– हर रचनाकार के लिए जितनी महत्वपूर्ण उसकी रचना होती है, उतना ही महत्वपूर्ण होता है उसका शीर्षक । अतः शीर्षक के औचित्य को प्रमाणित करने के लिए तथ्यों का सहारा लेने के लिए मार्गदर्शन करें ।

## MARKING SCHEME

## Question 15

शीर्षक की सार्थकता :

नाटकों में युगीन समस्याओं का चित्रण करते हुए उनका समाधान करने का भी प्रयास किया जाता है। मानव जीवन की सजीव, मूर्त एवं प्रत्यक्ष झांकी जैसी नाटकों में दिखाई जाती है, वह दूसरी विधाओं में कठिन है। जनता में जागृति का संचार करने में नाटकों की भूमिका प्रमुख रहती है। नाटक में दृश्यों और अभिनय के आधार पर रंगमंच पर ऐसे वातावरण का निर्माण किया जाता है जिसे देखकर दर्शक आत्माविस्मृत हो जाता है। यही आत्माविस्मृति ही नाटक की सफलता कहलाती है। किसी नाटक की सफलता और असफलता उस नाटक के निर्माण में प्रयुक्त तत्व के सफल संयोजन से ही होती है।

"आषाढ़ का एक दिन" नाटक का शीर्षक सार्थक है क्योंकि इसमें शीर्षक के सभी गुणों को समावेश है। शीर्षक जिज्ञासावर्धक है जिसे सुनकर यह जानने की इच्छा होती है कि आखिर आषाढ़ के एक दिन क्या होता है ? इस नाटक की सारी घटनाएं शीर्षक के इर्द–गिर्द घूमती है। प्रत्येक अंक का आरंभ इसी दिन से होता है। नाटक के तीन अंक हैं और तीनों अंकों की समाप्ति पर कालिदास मल्लिका को छोड़कर चला जाता है।

आषाढ़ के पहले दिन वर्षा होती है तब उज्जैनी के राजा आचार्य वररुचि को कालिदास को लाने के लिए भेजते हैं और आषाढ़ के ही दिन कालिदास मल्लिका के समझाने के उपरांत उज्जैनी जाने के लिए तैयार होते हैं और आषाढ़ के दिन ही कालिदास मल्लिका को छोड़ कर चले जाते हैं। नाटक के दूसरे अंक का प्रारंभ निक्षेप और मल्लिका की बातचीत से होता है। उसी समय निक्षेप कालिदास को जाते देखता है। रंगिनी–संगिनी अनुस्वार और अनुनासिक का आगमन होता है। वह कुछ समय के लिए नाटक पर व्यंग्यात्मक प्रभाव छोड़ते हैं। प्रियगुंमंजरी का आगमन होता है जो मल्लिका के विवाह और घर के परिसंस्कार की बात करती है। प्रियंगु जब मल्लिका से मिलती है तो यहां की सुंदरता देखती रह जाती है। वह मल्लिका से कहती है – "यहां से बहुत दूर तक की पर्वत तक श्रृंखलाएं दिखाई देती हैं.... कितनी निर्व्याज सुंदरता है।" नाटक के तीसरे अंक में एक बार फिर वही आषाढ़ का दिन है, वर्षा हो रही है और एक बार फिर कालिदास का आगमन होता है। वर्षा और मेघ का गर्जन सुनाई देता है। मातुल भीगे वस्त्रों में बैसाखी के सहारे चलता हुआ आता है। वर्षा से बचने के लिए मल्लिका के घर का सहारा लेता है। वह मल्लिका से कहता है कि यह आषाढ़ वर्षा तो उसके लिए काल हो रही है। मातुल मल्लिका को बताता है कि उसने सुना है कि कालिदास ने संन्यास ले लिया है और वह काशी चला गया है। मल्लिका को लगता है कि यह सत्य नहीं हो सकता। मातुल के जाने के बाद वह भावनाओं में बह जाती है। बिजली चमकती है, मेघ–गर्जन सुनाई देता है। वही आषाढ़ का दिन है। मेघ गरज रहे हैं, वर्षा हो रही है, कालिदास क्षत–विक्षत द्वार पर खड़ा है। वह वर्षों में भीगा हुआ है। वह मल्लिका से कहता है –

"मल्लिका ! मुझे वर्षों पहले यहां लौट आना चाहिए था ताकि यहां वर्षा में भीगता, भीगकर लिखता–वह सब मैं जो अब तक नहीं लिख पाया और जो आषाढ़ के मेघों की तरह वर्षों से मेरे अंदर घुमड़ रहा है।"

मल्लिका कालिदास के भीगे वस्त्रों को देखकर चिंता व्यक्त करती है तो कालिदास कहता है, "मेरे भीगे होने की चिंता मत करो। जानती हो, इस तरह भीगना भी जीवन की एक महत्वकांक्षा हो सकती है ? वर्षों के बाद भीगा हूँ। अभी सूखना नहीं चाहता।"

कालिदास अपने अंतर्द्वंद्व की पीड़ा को मल्लिका के सामने रखता है कि उसने सोचा था, यहां से जाकर वह धीरे–धीरे अपने मन और परिस्थितियों को वश में कर लेगा लेकिन ऐसा ना हो सका और वह एक दिन पूर्ण रूप से टूट गया। कालिदास के शब्दों में – "परंतु मैं यह भी जानता था कि मैं सुखी नहीं हो सकता। मैंने बार–बार अपने को विश्वास दिलाना चाहा कि कमी उस वातावरण में नहीं है, मुझमें है। मैं अपने को बदल लूं तो सुखी हो सकता हूं। परंतु ऐसा नहीं हुआ न मैं बदल सका, न सुखी हो सका। "मल्लिका उसे अपने हाथ से तैयार किए गए पन्ने दिखाती है जो उसके आंसुओं और स्वेदकणों से मैले हो गये थे। वे मल्लिका के संपूर्ण विरह व व्यथा की कहानी कह रहे थे। वह मल्लिका के सामने नए जीवन को प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखते हैं उसी समय भीतर से बच्ची के रोने की आवाज सुनकर हतप्रभ रह जाता है। तभी द्वार पर

लड़खड़ाता हुआ विलोम प्रवेश करता है। विलोम मल्लिका से व्यंग्य पूर्वक अतिथि का सत्कार करने के लिए कह कर लौट जाता है।

आज भी आषाढ़ का दिन है, बाहर मेघ बरस रहे हैं, कालिदास को आषाढ़ का वह पुराना दिन याद हो आता है जब वह आहत हरिणशावक को लेकर मल्लिका के पास उपचार के लिए लाया था। उसे उस दिन का सारा वातावरण वैसा ही दिखाई देता है। मल्लिका पूछती है – "तुम कह रहे थे कि तुम फिर अथ से आरंभ करना चाहते हो।"

कालिदास कहता है कि समय इच्छा से शक्तिशाली है क्योंकि वह किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। बाहर बिजली चमक रही है, मेघ–गर्जना सुनाई दे रहे हैं। भीतर से बच्चे के रोने की आवाज सुनकर मल्लिका उसे लेने चली जाती है और कालिदास झरोखे तक आकर ग्रंथ को उठाता है। फिर ग्रंथ वही रखकर चल देता है। मल्लिका कालिदास को वहां ना देख कर बच्ची को गोद में लिए पीछे दौड़ती है, पर बच्ची को देखकर रुक जाती है। आषाढ़ के दिन की तरह मल्लिका की आंखों से वर्षा की झड़ी लग जाती है।

इस प्रकार यह नाटक आषाढ़ के दिन से प्रारंभ होकर आषाढ़ के दिन पर ही समाप्त होता है। शीर्षक को पढ़कर पाठकों में उत्सुकता जागती है जो अंत तक बनी रहती है। अतः कह सकते हैं कि शीर्षक पूर्णतया सार्थक है।

# GENERAL COMMENTS

**प्रश्न पत्र में कौन से विषय परीक्षार्थियों को कठिन लगे ?**

- निबन्ध – (iii) पर्यटन उद्योग तथा सांस्कृतिक धरोहरों के बचाव के उपाय ।
- गद्यांश – (i) मध्यम मार्ग का अर्थ नहीं समझ पाए ।
- वाक्य शुद्धि –(iv) 'साहित्य और समाज का घोर सम्बन्ध है' में वे सही शब्द नहीं लिख पाए ।
- मुहावरे – (iii) 'सिर उठाना' की अधिकांश परीक्षार्थियों ने सम्मानपूर्वक जीने के अर्थ में लिया ।
  (iv) 'चाँदी होना' मुहावरा भी परीक्षार्थी समझ नहीं पाए ।
- गद्य संकलन –(6) 'संस्कृति' से सम्बन्धित प्रश्न छात्रों के लिए कठिन रहा ।

7-(iii) 'माया–बिबस बिचारे' पंक्ति का भाव कठिन रहा ।
(8) कबीरदास जी का कवि एवं उपदेश का स्वरूप, धार्मिक बाह्याडम्बरों का विरोध ।
(11) समर का मन आत्मग्लानि से भरने का कारण ।
(15) 'आषाढ़ का एक दिन' नाट्य लेखन में महत्वपूर्ण उपलब्धि ।

**प्रश्न पत्र में कौन से विषय परीक्षार्थियों के लिए अस्पष्ट रहे ?**

- 'समीक्षा' शब्द ।
- 'माया–बिबस' कौन है ? ये भी परीक्षार्थी समझ नहीं पाए । 'राम' तथा 'भगवान' शब्दों में अस्पष्टता।
- 'तत्कालीन नारी' शब्द भी अस्पष्ट रहा । जिस समय यह उपन्यास लिखा गया था उस समय नारियों की क्या स्थिति थी, उसके बजाय परीक्षार्थियों ने आज की नारी की स्थिति लिख दी ।
- 'रंग चढना' का भी विशेष अर्थ स्पष्ट नहीं रहा ।

## विद्यार्थियों के लिए सुझाव

- अपनी पाठ्य पुस्तकों को ध्यान से पढ़ना चाहिए। कठिन शब्दों एवं व्याख्येय प्रसंगों के बारे में अपने अध्यापकों से पूरी जानकारी लेनी चाहिए ।
- सभी संभावित प्रश्नों को ध्यान में रखते हुए उस पर चर्चा करनी चाहिए। किसी तरह का संशय हो तो अध्यापक से बार–बार पूछना चाहिए ।
- पुनरावृत्ति करते समय मुख्य बिन्दुओं को रेखांकित करना चाहिए ।
- कहानी तथा उपन्यास के पात्रों के नाम, परिचय तथा चारित्रिक विशेषताओं को भली भाँति समझकर याद करना चाहिए ।
- लिखकर प्रश्नोत्तरों का अभ्यास करना चाहिए ताकि वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियों को सुधारा जा सके।
- कवियों तथा लेखकों की जीवनी, अच्छे निबन्ध तथा प्रतिदिन पाठ पढ़ने की आदत डालनी चाहिए।
- विषय को गंभीरता से लेना चाहिए । वैकल्पिक विषय समझकर इसे हल्के से नहीं लेना चाहिए ।
- विद्यार्थी को पाठ घर से पढ़कर आना चाहिए तथा कक्षा में पढ़ते समय अपनी भागीदारी दर्ज करनी चाहिए ।
- अपने सहपाठियों के साथ, पढ़ाई पर, पठित विषय पर विभिन्न पहलुओं को लेकर बात–चीत करनी चाहिए ।
- गत वर्ष के प्रश्नपत्र तथा आदर्श प्रश्न पत्र का लिखकर अभ्यास करना चाहिए ।
- समय सारिणी बनानी चाहिए, उसका यथावत् पालन करना चाहिए।
- परीक्षा देते समय सभी प्रश्नों के लिए निर्धारित किए गए समय का अक्षरंशः पालन करना चाहिए ताकि कोई प्रश्न छूट न जाए ।
- अच्छे निबन्ध लेखन के लिए गणमान्य लेखकों की पुस्तकें पढ़नी चाहिए।
- अपठित गद्यांश का भी लिखित अभ्यास करना चाहिए । गद्यांश के सभी बिन्दुओं पर प्रश्नानुसार प्रकाश डालना चाहिए।
- मुहावरों के सही प्रयोग के लिए विभिन्न गतिविधियों का सहारा लेकर विषय को अच्छी तरह समझना चाहिए ।
- वाक्य शुद्धि का अभ्यास मौखिक रूप से प्रश्नोत्तरी द्वारा तथा लिखित रूप से कॉपियों अथवा श्यामपट्ट पर करना चाहिए।
- प्रश्नोत्तर तथा निबन्ध लेखन में उदाहरणों , प्रमुख पंक्तियों या उद्धरणों का प्रयोग करना चाहिए ।